

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 161 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, रविवार 16 अप्रैल 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


पेज -4 पर भाजपा ने अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में स्वास्थ्य शिविर लगाया...





राहुल गांधी की सांसद सदस्यता रद्द करने को लेकर केंद्र.... पेज -8 पर

# रमन सरकार में आदिवासी दहशत में थे- सीएम भूपेश बघेल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों ब्रांड पॉलिटिक्स चल रही है। मौजूदा सरकार जहां बस्तर को ब्रांड बनाने का दावा कर रही है, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने उनकी सरकार के समय ही बस्तर के ब्रांड बनने की बात कही है। जिसे लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बार फिर रमन सिंह को निशाने पर लिया है। सीएम ने कहा कि बस्तर में रमन सिंह के



**बस्तर में आए दिन आईईडी ब्लास्ट की आवाजें पूरे देश में सुनाई देती थी**

मुख्यमंत्री बनने के बाद कोई सैलानी नहीं जाता था। बाहर के लोगों की बात तो छोड़िए, छत्तीसगढ़ के लोग भी जाने से डरते थे। ये पहचान बस्तर की रमन सिंह ने बनाकर रखी थी। बस्तर में आए दिन ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट की आवाज पूरे देश में सुनाई देती थी। रमन सिंह के कार्यकाल में आदिवासी दहशत में थे।

## हमने लोगों को रोजगार दिया

सीएम भूपेश बघेल ने कहा व्यापारी और नौजवान डरे हुए थे। उन्होंने कहा कि हमने साढ़े 4 साल में आदिवासियों को उनकी जमीन लौटाई। लोगों को रोजगार दिलाया। उनके स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था फिर से शुरू कराई। रमन सिंह के कार्यकाल में ना जॉब कार्ड था, ना आधार कार्ड, उस समय जवानों को राशन पहुंचाने में मशक्कत करनी पड़ती थी। आज गरीबों के घर राशन पहुंच रहा है। बस्तर का प्राकृतिक सौंदर्य यहां की आदिवासी संस्कृति है। इसकी पहचान थी, जो विलुप्त हो गई थी, लेकिन हमने पुराने दौर को वापस लाने का काम किया है।


## कांग्रेस के सम्मेलन को तमाशा कहे जाने पर बरसे

*हाल ही में बस्तर में हुए सम्मेलन को पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने तमाशा बताया था। जिसे लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि रमन सिंह कभी ऐसा आयोजन नहीं करा सकते। इसलिए उनको यह तमाशा लग रहा है। वे बस्तर में लोगों को ढोकर लाते थे, कुछ को बंदूक की नोक पर लाते थे और अब उन्हें यह तमाशा लग रहा है। सीएम ने कहा कि रमन सिंह को बस्तर में कोई पूछ नहीं रहा। 12 की 12 सीट चली गई।*

## एक नजर

### कर्नाटक चुनाव में छत्तीसगढ़ के 3 नेताओं को मिली जिम्मेदारी

**बनाए गए ऑब्जर्वर**



**रायपुर।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में राजनीतिक पार्टियां पूरी तैयारी में जुटी हुई है. वहीं कांग्रेस ने चुनाव को लेकर ऑब्जर्वर की सूची जारी की है. जिसमें कुल 66 ऑब्जर्वर बनाए गए हैं. इस चुनावी रण में छत्तीसगढ़ के तीन नेताओं को भी जिम्मेदारी मिली है। कर्नाटक चुनाव में छत्तीसगढ़ के जिन तीन नेताओं को जिम्मेदारी मिली है. उसमें विधायक विकास उपाध्याय, विधायक शैलेश पांडे और पंकज शर्मा विधानसभा ऑब्जर्वर बनाए गए हैं।

### दिल्ली में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बीजेपी के नेता सुरेंद्र मटियाला की गोली मारकर हत्या कर दी गई. बदमाशों ने उन्हें 6 गोलियां मारी थी. घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. यह घटना द्वारका इलाके के बिंदापुर थाना क्षेत्र में हुई है. बीजेपी नेता सुरेंद्र मटियाल की उम्र 60 साल थी. घटना उस वक्त हुई जब वो अपने कार्यालय में बैठे हुए थे। सुरेंद्र मटियाला का ऑफिस दिल्ली के द्वारका बिंदापुर थाना एरिया के मटियाला गांव में है।

# छत्तीसगढ़ के कॉलेजों में प्रवेश लेने की उम्र का बंधन समाप्त

## कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले छात्राओं की संख्या में हुई वृद्धि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कॉलेजों में प्रवेश लेने की उम्र की सीमा समाप्त किए जाने से पढ़ने के इच्छुक लोगों को पढ़ाई का फिर से मौका मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नए कॉलेज प्रारंभ किए जा रहे हैं।

साथ ही कॉलेजों में विभिन्न विषयों के नए-नए संकाय प्रारंभ किए जा रहे हैं। राज्य के कॉलेजों में लड़कियों के प्रवेश लेने की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। यह छत्तीसगढ़ के लिए शुभ संकेत है, आने वाले दिनों में महिलाओं को सशक्त होने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और उच्च शिक्षा मंत्री



- कॉलेजों में बढ़ रही अध्ययन-अध्यापन की सुविधा
- पिछले 4 वर्षो में 33 नवीन शासकीय महाविद्यालय की हुई स्थापना
- छात्र-छात्राओं की संख्या में 48 प्रतिशत की हुई वृद्धि

श्री उमेश पटेल की पहल पर उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नैक के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदण्डों के अनुरूप शैक्षणिक अधोसंरचना एवं अकादमिक स्तर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड पर नैक से संबद्धता प्राप्त करने का अभियान प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में नैक से मूल्यांकित कॉलेजों की संख्या 192 हो गई है। सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि कॉलेज में प्रवेश लेने वालों छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जहां 2018-19 में करीब 2 लाख 26 हजार 373 छात्रों ने कॉलेज में प्रवेश लिया वहीं यह संख्या वर्ष 2022-23 में 48 प्रतिशत बढ़कर 3 लाख 35 हजार 139 हो गई है। जो कि 2018-19 की तुलना में एक लाख 8 हजार 766 अधिक है। कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विगत 4 वर्षों में कुल 33 नवीन शासकीय एवं 76 अशासकीय महाविद्यालय की स्थापना की गई है। छत्तीसगढ़ में 285 शासकीय महाविद्यालय, 12 अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय एवं 252 अनुदान अप्राप्त अशासकीय महाविद्यालय संचालित हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 09 राजकीय एवं 15 निजी विश्वविद्यालय संचालित है।

# 40 लाख के 151 मोबाइल लौटाए गए वापस

**झारखंड, ओडिशा, एमपी, यूपी जैसे राज्यों से किए गए रिकवर, अपना फोन वापस पाने पर लोगों में खुशी**

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की पुलिस ने साइबर सेल की मदद से गुम या चोरी हुए करीब 151 मोबाइल को ढूंढ निकाला है। शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने इन मोबाइल के मालिकों को पुलिस कार्यालय बुलाकर उन्हें वापस फोन सौंप दिया। इससे मोबाइल मालिकों के चेहरे खिल उठे।



दरअसल पुलिस थानों और ऑनलाइन माध्यमों से मोबाइल फोन गुम या चोरी होने की शिकायतों पर जांच करती है। पुलिस ने रायपुर समेत पड़ोसी राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, और ओडिशा से ये मोबाइल बरामद किए हैं। इस रिकवर हुए 151 मोबाइल फोन की कीमत 40 लाख रुपए है। दरअसल मोबाइल फोन गुम हो जाने के बाद लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुलिस ने रिकवरी मोबाइल फोन की आईएमइआई नंबर की लिस्ट भी जारी की है।

इसी साल नए वर्ष के मौके में पुलिस ने 70 लाख रुपए के 223 मोबाइल फोन को रिकवर किया था। जिनके के मालिकों को बुलाकर उन्हें सौंपा गया था। पुलिस की साइबर सेल इन मोबाइल के चोरी होने या गुम हो जाने की स्थिति में इन्हें ट्रेस करके लोकेशन का पता लगा लेती है और फिर इसे रिकवर किया जाता है।

# बिरनपुर-भड़काऊ बयान और पोस्ट करने वाले 8 भाजपा नेताओं को पुलिस ने थमाया नोटिस

## दो दिन के भीतर मांगा जवाब

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा बिरनपुर का मामला अभी पूरी तरह शांत नहीं हुआ है। इस बीच बिरनपुर मामले में भड़काऊ बयान और पोस्ट करने पर पुलिस ने 8 बीजेपी नेताओं को नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि सिविल लाइन के थाना प्रभारी ने बीजेपी नेताओं को नोटिस जारी किया है। बिरनपुर मामले में भड़काऊ बयान और पोस्ट डालने के आरोप में सिविल लाइन थाना प्रभारी ने आठ बीजेपी नेताओं को नोटिस भेजा है। बताया गया कि 17 अप्रैल नेताओं से जवाब मांगा गया है। 17 अप्रैल दोपहर 2 बजे तक बीजेपी नेताओं को साइबर सेल की आईटी टीम को जवाब देना होगा। इस पुरे मामले की जांच साइबर सेल की आईटी टीम कर रही है।





# शराब कारोबारी अमोलक सिंह भाटिया, बेटों और भतीजों पर अपहरण, ब्लैकमेलिंग का केस

कोरबा/बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बड़े शराब कारोबारी अमोलक सिंह भाटिया, बेटों और भतीजों के साथ-साथ गुर्गों के खिलाफ कोरबा पुलिस ने अपहरण, ब्लैकमेलिंग जैसी गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है. इस महीने यह दूसरी एफआईआर है।





इससे पहले बिलासपुर के तारबहार थाने में गैर जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था. बता दें कि हाल ही में भाटिया समेत कई शराब कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने भी छापेमारी की थी. पिछले साल नवंबर में इन्कम टैक्स का भी छापा पड़ा था। शराब के कारोबार में बिलासपुर संभाग में अमोलक सिंह भाटिया का बड़ा काम है. पहले भी भाटिया का नाम कई विवादों से जुड़ता रहा है. ताजा मामला केबल के कारोबार से जुड़ा है. मूलत- देवास रोड इंदौर के रहने वाले अरविंद सिंह पनवार ने कोरबा सिटी कोतवाली के अंतर्गत मानिकपुर चौकी में अमोलक, बबलू भाटिया, गुरुविंदर सिंह भाटिया, प्रिंस भाटिया, सोना भाटिया, कमलेश यादव, नितिन यादव, मुरारी एवं अन्य के खिलाफ एफआईआर कराई है. पुलिस ने आईपीसी की धारा 365, 384, 386, 506 और 120 बी के तहत अपराध दर्ज किया है. पनवार ने बंदूक का भय दिखाकर जबर्दस्ती दस्तावेजों में हस्ताक्षर कराने के आरोप लगाए हैं. पनवार का भी केबल संचालन का काम है।

केबल कारोबारी पनवार ने अपनी शिकायत में बताया था कि पिछले साल तीन अगस्त को सेटअप बॉक्स की क्लोनिंग और फर्जी आईडी बनाकर धोखाधड़ी करने की शिकायत की थी. इस पर दर्ज थाने में जयपाल उर्फ विक्की गुलाटी, अंजन चौधरी, भास्कर चटर्जी, करन सिंह ठाकुर, उदय प्रताप सिंह, संतोष पटेल, प्रकाश गुप्ता, आशीष नामदेव, पुरुषोत्तम कर्ष, अजय गुप्ता, सतीश, वेदपुरी गोस्वामी, गंगापुरी गोस्वामी, राजीव पंजारिया और बृजेश यादव के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया था. पनवार के मुताबिक इस मामले की जांच के दौरान पुलिस ने अमोलक सिंह भाटिया, बबलू सिंह भाटिया आदि की संलिप्तता पाई थी. इसके बाद से अलग-अलग लोगों द्वारा केबल व्यवसाय को प्रभावित करने, दफ्तर में कब्जा करने जैसी दुर्भावना के साथ घटनाएं होने लगीं. इस संबंध में पुलिस में शिकायत भी दी थी. केस वापस लेने के लिए धमकी दी गई. पनवार ने बताया कि नीलेश दुबे नाम के व्यक्ति के जरिए कांफ्रेंस कॉल में गुरुविंदर भाटिया, प्रिंस भाटिया और सोना भाटिया ने बात की थी और केस वापस लेने के लिए दबाव डाला था. साथ ही, लाखों रुपए देने और किसी दूसरे स्थान पर नए सिरे से व्यवसाय शुरू करने का लालच भी दिया था।

# ट्रक-हाइवा में भिड़ंत

## सड़क पर चारों ओर फैल गईं प्याज की बोरियां, दोनो वाहनों के चालक घायल

**रायपुर।** खरोरा। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे खरोरा के पास मुख्य मार्ग पर मिट्टी से भरे ट्रक और प्याज से भरी हाइवा में भीषण टक्कर हो गई। इस टक्कर में दोनों वाहन चालक घायल हो गए। मिट्टी और प्याज सड़क पर बिखर गए। इसके बाद आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल चालकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा हैं। फ़िलहाल पुलिस दोनों वाहनों को मुख्यमार्ग से हटवाने में जुट गई है।



# पीएचई मंत्री रुद्र गुरु की तबीयत बिगड़ी

## एयरलिफ्ट कर हैदराबाद ले जा रहे, सीएम ने की बात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पीएचई मंत्री रुद्र कुमार गुरु की तबीयत बिगड़ गई है. उन्हें एयरलिफ्ट कर हैदराबाद ले जाया जा रहा है. सीएम भूपेश बघेल ने उनसे बात कर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है. पीएचई मंत्री रुद्र गुरु को पिछले हफ्तेभर से बुखार था. वे रामकृष्ण अस्पताल में भर्ती थे. विधानसभा स्पीकर डॉ. चरणदास महंत शुक्रवार को उनसे मिलने हॉस्पिटल पहुंचे थे. अब जानकारी आ रही है कि उन्हें मस्तिष्क ज्वर की शिकायत के बाद एयरलिफ्ट कर हैदराबाद ले जाने का निर्णय लिया गया है। विधानसभा स्पीकर डॉ. महंत ने भी पीएचई मंत्री से मुलाकात कर डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली थी।



# मुख्यमंत्री ने महाप्रभु वल्लभाचार्य की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पुष्टिमार्ग के संस्थापक महाप्रभु वल्लभाचार्य की 16 अप्रैल को जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने कहा है कि वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को श्री वल्लभाचार्य जी का जन्म छत्तीसगढ़ के चंपारण में हुआ था। इससे उनका गहरा नाता यहां से बन गया। भक्तिकालीन श्रीकृष्ण भक्ति शाखा के अग्रणी वल्लभाचार्य जी श्रीनाथ जी के अनन्य भक्त थे। उन्होंने श्री कृष्ण के स्वरूप और लीलाओं का वर्णन करते हुए कई ग्रंथों की रचना की।



**पूजा....** भूपेश बघेल शामिल हुए बंगाली नववर्ष एवं बंगाली एसोसिएशन के शताब्दी समारोह में

# छत्तीसगढ़ के विकास में बंगाली समाज का महत्वपूर्ण योगदान- मुख्यमंत्री

रायपुर। छत्तीसगढ़ के विकास में बंगाली समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। बंगाली समुदाय शुरू से ही सचेत और जागरूक रहा है। बंगाल की धरती क्रांतिकारियों और समाज सुधारकों की रही है। इनके बिना देश की आजादी और नवनिर्माण की कल्पना नहीं की जा सकती है।







राजा राममोहन राय और सुभाष चंद्र बोस के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। संत रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद पूरी दुनिया को बंगाल की सर्वश्रेष्ठ देन है। देश के भक्ति आंदोलन में भी बंगाल के संतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज बिलासपुर के कालीबाड़ी मैदान में आयोजित बंगाली नववर्ष एवं बिलासपुर बंगाली एसोसिएशन के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कालीबाड़ी में मां काली की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने की।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बंगाली समुदाय को मोपका और तिफरा में 7 हजार और 5 हजार स्क्वेयर फीट जमीन आबंटित करने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि दुर्गा पूजा और गणेश पूजा हमारी सांस्कृतिक पहचान बन गए हैं। बंगाल से छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक संबंध रहें है। लोगों के साथ उनकी संस्कृति भी चलती है। छत्तीसगढ़ ने बंगाल की संस्कृति को आत्मसात किया है। मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद और रविंद्रनाथ टैगोर की छत्तीसगढ़ यात्राओं का भी स्मरण किया।

*मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने बंगाल के बाद सबसे ज्यादा समय छत्तीसगढ़ में ही बिताया है। उन्होंने पूरे 2 वर्ष तक का समय छत्तीसगढ़ में बिताया। स्वामी विवेकानंद के नाम पर ही छत्तीसगढ़ में एयरपोर्ट का नाम रखा गया है। रविंद्रनाथ टैगोर के द्वारा समाज को दिए गए योगदान को नही भुलाया जा सकता। श्री रविंद्रनाथ टैगोर ने भी छत्तीसगढ़ में समय बिताया है। उन्होंने अविभाजित बिलासपुर में अपनी पत्नी का इलाज करवाया था। कार्यक्रम में स्वागत भाषण बंगाली एसोसिएशन बिलासपुर के महासचिव देवाशीष लाल्टू घोष ने दिया।*

# प्रभावित किसानों ने दी चेतावनी, तीन दिन के लिए नो गो जोन बनेगा नवा रायपुर

**रायपुर।** नवा रायपुर के प्रभावित किसान एक बार फिर बड़े आंदोलन करने वाले हैं. डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर किसानों की बैठक हुई. मंत्री डॉ. शिव डहरिया से भी बात की. मंत्री ने 16-17 अप्रैल को मंत्री मंडलीय उप समिति के साथ चर्चा का आश्वासन दिया है। इसमें बात नहीं बनेगी तो किसानों द्वारा नवा रायपुर में 72 घंटे कर्फ्यू किया जाएगा. इस दौरान किसी को आने जाने नहीं दिया जाएगा। मांगे पूरी नहीं होने पर 72 घंटे यानी तीन दिन तक नवा रायपुर को नो गो जोन बनाया जाएगा, जिसमें किसी को भी आने जाने की अनुमति नहीं होगी. मंत्रालय, डायरेक्टोरेट और पुलिस मुख्यालय सहित सभी दफ्तरों में भी कोई आ जा नहीं पाएगा. मॉल, दुकानें, कंस्ट्रक्शन के सारे काम बंद करा दिए जाएंगे.



इस आंदोलन में नई राजधानी के प्रभावित किसानों के साथ उनके परिवार के सदस्य भी शामिल होंगे। नवा रायपुर के किसानों का आरोप है कि राज्य सरकार ने जो आश्वासन दिया था, उसे अब तक पूरा नहीं किया है. मंत्री मंडलीय उप समिति बनाने का जो निर्णय था, वह भी छलावा साबित हुआ. अब तक मांगें पूरी नहीं हुई हैं, इसलिए फिर से एकजुट होने का निर्णय लिया गया है. नई राजधानी प्रभावित किसानों की कल बैठक के दौरान ही क्षेत्रीय विधायक और मंत्री मंडलीय उप समिति के सदस्य डॉ. शिव डहरिया को यह सूचना दी गई कि अपनी मांगों को लेकर किसान फिर आंदोलित हो रहे हैं।

# एनसीईआरटी विवादः सकारात्मक बदलाव का पाठ्यक्रम, परिवर्तन के केंद्र में विचार नहीं देश जरूरी

*राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के पाठ्यक्रमों में हुए परिवर्तनों पर इन दिनों विवाद छिड़ा हुआ है। पहले भी कई बार एनसीईआरटी के पाठ्यक्रमों में बदलाव हुए हैं। शिक्षा का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों में दक्षता और जीवन मूल्यों का निवेश होता है। इन दोनों में से किसी एक का कम होना या न होना शिक्षा की पूरी अवधारणा को ही ध्वस्त कर देता है। सतत परिवर्तन और परिवर्द्धन पाठ्यक्रमों को समकालीन और भविष्योन्मुखी बनाते हैं।*

लेकिन दुखद है कि शिक्षा के ढांचे में किसी परिवर्तन को आसानी से स्वीकार्यता नहीं मिलती है। यदि नई पाठ्य सामग्री जोड़नी है, तो पुरानी पाठ्य सामग्री में से कुछ हटाना तो पड़ेगा ही। ऐसा नहीं होने पर पाठ्यक्रम सुरसा के मुंह की तरह होता जाएगा और बोझिल बनकर अप्रासंगिक हो जाएगा। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ अध्ययन-अध्यापन में बहुत-सी नई बातें भी जुड़ी हैं। अब सारा बल पाठ्यक्रमों को शिक्षार्थी केंद्रित बनाने पर है। विद्यार्थी की रुचि अब सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। वह कोर पाठ्यक्रम के साथ अब अपनी रुचि का माइनर पाठ्यक्रम चुन सकता है। ऐसे में आज के युवाओं के अनुकूल पाठ्यक्रम बनाना समय की मांग है। यह अकारण नहीं है कि राष्ट्रीय पाठ्यक्रमम ढांचे में व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए मिडिल स्तर पर सप्ताह में ढाई घंटे और सेकेंडरी स्तर पर तीन घंटे का समय रखने को कहा गया है। मूल्यांकन में भी 75 प्रतिशत प्रैक्टिकल का वेटेज (मान) होगा। अब छठी कक्षा से ही पेशेवर प्रशिक्षण की शुरुआत हो जाएगी। वैश्विक महंगाई और बेरोजगारी के कठिन समय में हमें विद्यालयी शिक्षा के ढांचे में आवश्यक परिवर्तन-परिवर्द्धन करने ही होंगे। यह स्वीकृत तथ्य है कि विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, वाणिज्य और समाज विज्ञान के कई विषय सतत परिवर्द्धन और परिवर्तन के बिना अप्रासंगिक ज्ञान का कुंड बन जाएंगे। नए शोध हमेशा अग्रगामी होते हैं। उन्हें शामिल किए बिना विषय विशेष न पुनर्नवा हो सकेगा और न ही ज्ञान की गरिमा से युक्त। विशेषज्ञ समितियां ही तय करें कि उन्हें विद्यार्थियों और देश के हित में क्या रखना है और क्या छोड़ना है। आज कंप्यूटर विज्ञान, जीवविज्ञान, भौतिक विज्ञान और विज्ञान की अन्य शाखाओं में तीस, चालीस या



पाठ्यक्रम निर्धारण में किसी भी विचार की अपेक्षा देश को केंद्र में रखना आवश्यक है। राष्ट्र-विकास की प्रक्रिया का आधार तभी तैयार होता है, जब लोग यथास्थितिवाद का मार्ग छोड़ पाते हैं।

पचास वर्ष पहले की सामग्री नहीं पढ़ाई जा रही है, क्योंकि विज्ञान पढ़ने-पढ़ाने वालों ने अद्यतन ज्ञान को महत्व दिया। इसका मतलब यह भी नहीं कि उन्होंने अपने आरंभिक वैज्ञानिकों को विस्मृत कर दिया। उन सभी के बारे में स्कूली छात्रों को नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा अर्जित करने वालों को पढ़ाया जाना चाहिए। ऐसे समय में जब प्रतिस्पर्धा वैश्विक है, शिक्षा को गतिशील बनाना ही होगा। पाठ्य पुस्तकों के पृष्ठों और 12वीं तक के छात्रों की ग्रहण क्षमता पर भी विचार जरूरी है। वे शोधार्थी नहीं हैं कि उन्हें उस विषय से संबंधित हरेक जानकारी दे दी जाए। वे तनावों से भरे समकालीन विश्व में जीवन मूल्यों के साथ ही कॅरियर की समस्या से भी जूझ रहे हैं। उन्हें पाठ्यक्रमों में ऐसे प्रसंगों को नहीं पढ़ाया जाना चाहिए, जो किसी नकारात्मकता को जन्म देते हों। जैसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या के संदर्भ में नाथूराम गोडसे का जिक्र आता है, उसमें यह बताया जाना कि वह किस जाति से था, अलग किस्म का भाव पैदा करता है। पाठ्यक्रम की यह बुनावट स्कूली विद्यार्थी के मन पर क्या असर डालेगी? इतिहास, राजनीति शास्त्र और साहित्य के पाठ्यक्रमों में हुए बदलाव अक्सर विवाद का विषय बनते रहे हैं। विवाद के बीच बहुत थोड़े से लोग यह देख-समझ पाते हैं कि संबंधित विवाद में कोई तत्व है भी या नहीं। भारत को स्वतंत्र हुए पचहत्तर वर्ष हो चुके हैं। इतनी लंबी कालावधि में बहुत सारा नया इतिहास बना है। बहुत-सी ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिन्हें आरंभिक कक्षाओं में पढ़ाया जाना चाहिए। जाहिर है, नया जोड़ने के लिए पुराने में से कुछ को हटाना पड़ेगा। तभी तो स्वतंत्र भारत का जरूरी इतिहास विद्यार्थी पढ़ पाएंगे। यह सर्वथा समीचीन है कि संपूर्णता के लिए सुदूर अतीत के साथ निकट अतीत का भी ज्ञान छात्रों को हो। पराजय और षड्यंत्रों के इतिहास से अधिक जरूरी है, संघर्ष और विजय का इतिहास। यह भी विचारणीय है कि इतिहास के जो प्रसंग एक कक्षा में पढ़ा दिए गए, वे ही प्रसंग अगली कक्षा में क्यों पढ़ाए जाने चाहिए? दोहराव से ज्ञान बढ़ता नहीं, अरुचिकर हो जाता है। यदि किसी विद्यार्थी को भविष्य में उसी विषय में उच्च शिक्षा अर्जित करनी होगी, तो वह वांछित सामग्री का अध्ययन कर लेगा। तब वहां अध्ययन की कोई सीमा उसके समक्ष नहीं होगी।

साहित्य के पाठ्यक्रमों में भी विद्यालय स्तरीय शिक्षा में यह देखा जाना चाहिए कि प्रत्येक स्तर पर लेखकों का दोहराव न हो। विद्यार्थियों ने जिन लेखकों-कवियों को कक्षा सात में पढ़ा है, यदि वे ही लेखक-कवि उन्हें कक्षा नौ में भी पढ़ाए जाएंगे, तो उन विद्यार्थियों में नया क्या जुड़ेगा? बस कहानियां और कविताएं बदल जाएंगी। निश्चित रूप से भिन्न-भिन्न लेखक-कवि पढ़ाए जाने पर उनकी रुचि और ज्ञान का विस्तार होगा। विद्यार्थी अपने स्कूली जीवन में अधिक लेखकों-कवियों को पढ़ेगा, तो भविष्य में साहित्य का विद्यार्थी न होने पर भी वह साहित्यिक-कलात्मक अभिरुचि से संपन्न व्यक्ति के रूप में अपनी पहचान कायम कर सकेगा।

नागेश्वर राव

## संपादकीय

### सरकार फैक्ट चेक करेगी

यह विशुद्ध रूप से खबर को नियंत्रित करने का प्रयास है। यह प्रत्यक्ष रूप से खबरों को सेंसर करने का प्रयास है। मुख्यधारा की मीडिया पर कमोबेश नियंत्रण के बाद सरकार अब सोशल मीडिया को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है।

अभी एक महीना नहीं हुआ है, जब सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने एक अंग्रेजी अखबार के कार्यक्रम में कहा था कि फेक न्यूज विभिन्न समुदायों के बीच तनाव पैदा कर सकता है और साथ ही इससे लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए भी खतरा पैदा हो सकता है और अब केंद्र सरकार फर्जी खबरों पर रोक लगाने के लिए फैक्ट चेक का कानून लेकर आ गई है। सरकार इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (इंटरमीडियरी गाइलाइंस एंड डिजिटल मीडिया इथिक्स कोड) रूल्स, 2021 को लागू करने जा रही है।

इस कानून के पहले मसौदे में कहा गया था कि प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो यानी पीआईबी की ओर से बताया जाएगा कि सरकार से जुड़ी कौन सी खबर फर्जी है और उसे सभी प्लेटफॉर्म्स से हटाना होगा। अब सरकार ने इसमें थोड़ा संशोधन किया है। इसमें से पीआईबी को हटा दिया गया है और उसकी जगह सरकार ने एक फैक्ट चेक यूनिट बनाने को कहा है। इस यूनिट की ओर से जिस खबर को फर्जी बताया जाएगा उसे हर जगह से हटाना पड़ेगा। यह कानून लागू होने का मतलब है कि तमाम ऑनलाइन इंटरमीडियरीज जैसे यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर आदि से लेकर इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों को सरकार की फैक्ट चेक यूनिट की बात माननी होगी और उसकी बताई खबर को हटाना होगा। सरकार इसे चाहे जो कहे लेकिन यह विशुद्ध रूप से खबर को नियंत्रित करने का प्रयास है।

# बेटियों की सेहत और सम्मान से जुड़ा फैसला, ताकि पढ़ सकें गरीबों की बच्चियां

*स्कूली जीवन के एक पायदान पर पहुंचने के बाद बेटियों को एक अजीब-सी हिचक, चिंता और पीड़ा झेलनी पड़ती है। असल में देखा जाए, तो यह समग्र समाज की साझा चिंता है। तभी तो यह लड़कियों में आयु वर्ग के अनुसार आए बदलाव भर नहीं, बल्कि उनके स्वास्थ्य और सम्मान से जुड़ा अहम पक्ष भी है। यह बेटियों की शिक्षा से जुड़ा मामला भी है, क्योंकि ड्रॉप आउट की एक बड़ी वजह माहवारी से जुड़ी परेशानियां ही हैं।*

अधिकतर समस्याएं लड़कियों के लिए स्वच्छ शौचालय न होने, बंधा-बंधाया सामाजिक व्यवहार और इन विशेष दिनों में बदलती मनःस्थिति से ही जुड़ी हैं। यही वजह है कि माहवारी के शुरुआती पड़ाव पर देश के हर हिस्से में स्कूली बच्चियों को मानसिक तनाव और मनोवैज्ञानिक उलझनें घेर लेती हैं। सुखद है कि हाल ही में आया उच्चतम न्यायालय का एक निर्णय बड़ी होती बेटियों के जीवन से जुड़े अहम पहलू पर सहजता लाने की बात लिए है। गौरतलब है कि स्कूली लड़कियों को नि:शुल्क सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने की मांग वाली याचिका पर न्यायालय ने केंद्र सरकार को विशेष निर्देश दिए हैं। निर्देशों में सभी स्कूलों व शिक्षण संस्थानों को वहां पढ़ने वाली छात्राओं को मुफ्त सैनिटरी पैड देने के लिए पैड्स की वेंडिंग मशीन लगाने से लेकर निस्तारण के लिए समुचित व्यवस्था करने की बात शामिल है।



लड़कियों को निःशुल्क सैनिटरी पैड उपलब्ध करवाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले से ग्रामीण क्षेत्रों के अभावग्रस्त परिवारों की बच्चियां पढ़ाई जारी रख सकेंगी।

यह आदेश अपर प्राइमरी, सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी कक्षाओं वाले उन सभी विद्यालयों पर लागू होगा, जहां लड़कियां पढ़ती हैं। इतना ही नहीं, न्यायालय ने सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के लिए माहवारी के दौरान स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु मानक आदर्श प्रक्रिया और प्रबंधन का राष्ट्रीय मॉडल विकसित करने तथा चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। देश के स्कूलों में माहवारी को ध्यान में रखते हुए एक समान राष्ट्रीय नीति बनाने का निर्णय देते हुए अदालत ने माहवारी के दौरान स्वच्छता की अहमियत को एक गंभीर मुद्दा माना है। दरअसल, दूर-दराज के गांवों से लेकर महानगरों की कच्ची बस्तियों तक, आज भी ऐसे परिवार की बड़ी संख्या है, जो बेटियों की इस जरूरत के लिए पैसे खर्च करने में असमर्थ हैं। साथ ही कई परिवारों में सैनिटरी नैपकिन के इस्तेमाल को लेकर जागरूकता का भी अभाव है। ग्रामीण इलाकों में तो महिलाओं में इसे लेकर कई तरह की भ्रांतियां देखने को मिलती हैं। विडंबना ही है कि पुराना कपड़ा, राख और कागज जैसी चीजों का आज भी इस्तेमाल किया जाता है। ये सभी अस्वच्छ, असुविधाजनक और असुरक्षित विकल्प हैं, जो हर आयु वर्ग की महिलाओं में स्वास्थ्य से जुड़े खतरों के कारण बनते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी कह चुका है कि भारत में महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए सैनिटरी नैपकिन के प्रयोग को बढ़ावा देना चाहिए। यही वजह है कि सैनिटरी पैड की स्कूलों में सहज और नि:शुल्क उपलब्धता सुनिश्चित करना ही नहीं, बाजार में भी इनका किफायती कीमत पर मिलना जरूरी है। 2018 में जीएसटी काउंसिल की बैठक में जिन 88 वस्तुओं पर टैक्स कम किया गया था, उनमें सैनिटरी नैपकिन भी शामिल थे। आंकड़े बताते हैं कि भारत में करीब 70 फीसदी महिलाएं यौन संचारित रोगों से पीड़ित हैं।

संक्रमण की ऐसी व्याधियां माहवारी के दिनों की अस्वच्छता के कारण भी फैलती हैं। गर्भाशय के कैंसर तक के मामले सामने आ रहे हैं, जबकि सैनिटरी प्रोटेक्शन-एवरी वुमंस हेल्थ राइट नाम से हुए एक अध्ययन में भी सामने आ चुका है कि माहवारी में हमारे यहां बड़ी संख्या में महिलाएं पुराने तरीकों का प्रयोग करती हैं, क्योंकि वे सैनिटरी नैपकिन खरीदने में सक्षम नहीं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, दूर-दराज के गांवों-कस्बों के स्कूलों में तो कई बच्चियां, पीरियड्स के दौरान पांच दिन तक स्कूल से अनुपस्थित ही रहती हैं, क्योंकि अनेक ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को सैनिटरी पैड के इस्तेमाल की जानकारी ही नहीं है।

मोनिका शर्मा

## मिला जुला

### अब तक हुए 10,933 एनकाउंटर

# योगी सरकार के 6 साल में 183 डॉन मिल गए मिट्टी में

लखनऊ. यूपी की योगी सरकार 'जीरो-टॉलरेस' नीति के तहत अपराधियों की कमर तोड़ने में लगी है। उमेश हत्याकांड के बाद माफियाओं को मिट्टी में मिलाने की योगी की हुंकार के बाद अतीक अहमद के बेटे असद को एसटीएफ ने गुरुवार दोपहर एनकाउंटर में ढेर कर दिया।

योगी सरकार ने पिछले छह सालों में यूपी में अब तक 10,933 मुठभेड़ हुए। इसमें 183 कुख्यात बदमाशों को एनकाउंटर में ढेर किया। पुलिस की गोली लगने से 5,046 बदमाश घायल होने के बाद गिरफ्तार हुए। अब तक हुई कुल मुठभेड़ के दौरान 23,348 अपराधी पकड़े गए हैं। मुकाबले में 13 पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है। जबकि 1,443 पुलिसकर्मी घायल हुए।



#### सबसे अधिक एनकाउंटर मेरठ में

सबसे अधिक मुठभेड़ मेरठ जोन में हुआ है। जिले में कुल छह सालों में 3,205 मुठभेड़ हुई है। जिसमें 64 अपराधियों का सफाया कर दिया गया वहीं, 1708 घायल हो गए। इन झड़पों में के दौरान एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, वहीं 401 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 5967 अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफल रही।
मेरठ के बाद दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा पुलिस एनकाउंटर आगरा में हुए हैं। ताज नगरी आगरा में 1844 एनकाउंटर हुए हैं। इसमें 14 अपराधियों का सफाया हुआ है। जबकि 4654 को गिरफ्तार किया गया। वहीं इन ऑपरेशन से करीब 55 पुलिसकर्मियों को चोटें भी आईं। आगरा के बाद तीसरे नंबर पर बरेली है। जहां 1497 मुठभेड़ हुई है जिसमें सात अपराधी मारे गए जबकी 3410 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। इन मुठभेड़ों में 296 पुलिसकर्मी और 437 अपराधी घायल हुए, जबकि एक पुलिसकर्मी की जान चली गई।

### मोतिहारी में जहरीली शराब का कहर

# अब तक 14 लोगों ने तोड़ा दम; चार दर्जन से अधिक गंभीर

मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)। मोतिहारी में जहरीली शराब का कहर जारी है। संदिग्ध परिस्थितियों में मरनेवालों की संख्या चौदह पर पहुंच गई है। चार दर्जन लोग गंभीर रूप से बीमार हैं। सभी के जहरीली शराब पीने की आशंका है।

घटना को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने जांच के आदेश दिए हैं। सदर व अरेराज के अनुमंडल पदाधिकारी को संबंधित गांवों में जाकर जांच रिपोर्ट देने को कहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम संबंधित गांवों में भेजी गई है। उत्पाद अधीक्षक के नेतृत्व में शराब पीने के मामले की जांच के लिए टीम बनाई गई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान हुई मौत के आंकड़ों पर गौर करें तो जिले के तुरकौलिया में चार, सुगौली में पांच, पहाड़पुर में दो और हरसिद्धि में तीन लोगों की जान संदिग्ध परिस्थितियों में गई है।



#### शुक्रवार से मौत का सिलसिला जारी

बताया गया है कि शुक्रवार की शाम अचानक से पहली घटना तुरकौलिया थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुर में हुई। यहां के बैरिया बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में रामेश्वर राम उर्फ जटा राम की मौत हो गई। वहीं, इसी गांव के ध्रुव पासवान ने मोतिहारी के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया, जबकि अशोक पासवान व छोटू पासवान ने मुजफ्फरपुर स्थित मेडिकल कालेज अस्पताल में दम तोड़ दिया।

#### जिले के कई इलाकों में जहरीली शराब का कहर

पहाड़पुर थाना क्षेत्र के मुशहर टोली में गुटन मांझी और टुनटुन सिंह की मौत हुई है। सुगौली थाना क्षेत्र के गीधा में सुदीश राम, इन्द्राशन महतो, चुलाही पासवान, कौवाहा के गोविंद ठाकुर की मौत छतौनी के निजी अस्पताल में हो गई। वहीं, इसी थाना क्षेत्र के बड़ेया में गणेश राम की मौत हो गई। हरसिद्धि थाना क्षेत्र के धवई मुशहर टोली में भी तीन लोगों की मौत की सूचना है।

### महाराष्ट्र का रायगड में भीषण सड़क हादसा

## खाई में गिरी बस; 13 की मौत



मुंबई। महाराष्ट्र के रायगड जिले में शनिवार तड़के एक बस के खाई में गिर गई। दिल दहला देने वाले इस हादसे में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 25 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। आपको बता दें कि हादसा पुणे-रायगढ़ सीमा पर सुबह 4-30 बजे हुआ। बस पुणे के पिंपल गुराव से गोरेगांव जा रही थी। हादसे के वक्त बस में 41 यात्री सवार थे। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

रायगड के एसपी सोमनाथ घार्गे ने बताया, 'रायगढ़ के खोपोली इलाके में बस के खाई में गिरने से सात लोगों की मौत हो गई और 25 से अधिक घायल हो गए। राहत और बचाव कार्य जारी है।'
हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जिस स्थान पर दुर्घटना हुई, उसके पास सड़क के किनारे एंबुलेंस और पुलिस वाहन खड़े देखे गए।

### असद के एनकाउंटर के बाद टूटा अतीक

## पुलिस से बोला- वर्चस्व के लिए कराई थी उमेश पाल की हत्या

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार बेटे असद के झांसी में गुरुवार को मुठभेड़ में मारे जाने के बाद आखिरकार माफिया अतीक ने पुलिस के सामने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया। पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिए गए अतीक से पूछताछ में अधिकारियों ने पूछा कि उमेश पाल की हत्या क्यों करवाई तो माफिया बोला- वर्चस्व के लिए। उमेश पाल उसकी और उसके



गुर्गों की जमीन पर लगातार अलग-अलग तरीका अपनाकर कब्जा कर रहा था। अपने अपहरण में उसे सजा भी दिलवाना चाहता था। अपहरण केस में गवाही पूरी होने के बाद वह खिलाफ में ज्यादा बोलने लगा था और कई मददगारों को अपने पक्ष में कर लिया था। अतीक ने हत्या की साजिश में बीवी शाइस्ता के शामिल होने की बात भी स्वीकार की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अतीक ने कहा कि उसके ही कहने पर उसका भाई अशरफ सहित अन्य लोग हत्या की योजना में शामिल हुए थे।

## जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर हमला, भाषण से पहले फेंका गया पाइप बम, सुरक्षित निकाले गए

**टोक्यो.** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर एक बंदरगाह के दौरे के दौरान हमला हुआ है। फुमियो किशिदा पश्चिमी जापान के बंदरगाह का दौरा करने पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक वाकायामा में जब वह दौरे पर थे, तब एक तेज धमाका हुआ। उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है। एक गैस या पाइप बम उनकी ओर फेंका गया था। वह अपना भाषण शुरू



करते उससे पहले ही यह हमला हुआ। सुरक्षाबलों ने हमलावर को पकड़ लिया है। जापान के सार्वजनिक प्रसारक NHK के मुताबिक एक तेज आवाज सुनाई दी। यह बताया गया कि घटना के बाद किशिदा को तुरंत कवर कर लिया गया। समाचार फुटेज में दिख रहा है कि अधिकारी एक व्यक्ति को रोक रहे हैं और ले जा रहे थे। जबकि आसपास के क्षेत्र से लोगों को हटाया जा रहा है।

### 'पाइप जैसी चीज फेंकी गई'

सिटी काउंसिल के एक सदस्य ने NHK को बताया कि पाइप जैसा दिखने वाली एक चीज फेंकी गई थी। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने भी कहा कि उसने एक पाइप जमीन पर पड़ा हुआ देखा, जो चांदी की तरह चमक रहा था। जापान के सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक किशिदा सुरक्षित हैं। ह।ाय की रिपोर्ट के मुताबिक पकड़े गए संदिग्ध को पूछताछ के लिए वाकायामा पश्चिम पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। पुलिस का कहना है कि वह अभी संदिग्ध से जुड़ी जानकारी साझा नहीं कर सकते।

# चुनौतियों को स्वीकार करने वाले को ही मिलती है सफलता-कलेक्टर

## भविष्य में कुछ हासिल करना है तो मेहनत और एकाग्रता बेहद जरूरी–एसपी सदानंद कुमार

जोहार छत्तीसगढ़–
रायगढ़।









कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा-निर्देशन एवं जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा आज नगर निगम ऑडिटोरियम में कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। जहां आगे क्या करें, अपने लक्ष्य का क्या निर्धारण करें, ऐसे अनगिनत सवाल लेकर जिले के विभिन्न स्कूल और कॉलेजों के सैकड़ों बच्चे ऑडिटोरियम पहुंचे थे। इन बच्चों के साथ अपने अनुभव बांटने के लिए कलेक्टर और एसपी के साथ जिले में तैनात आईएएस, आईपीएस और एसएएस ऑफिसर्स उपस्थित थे, जिन्होंने इन परीक्षाओं में न सिर्फ टॉप रैंक के साथ सफलता अर्जित की है बल्कि आज वे जिले में जिम्मेदार ओहदों पर हैं।

कैरियर गाईडेंस सेमिनार को संबोधित करते हुए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि यह व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह किस क्षेत्र को अपने कैरियर के लिए चुनता है। सिविल सर्विसेस, व्यापार, एग्रीकल्चर या कोई अन्य क्षेत्र। समाज व देश के हित में सभी का अपना महत्व है, कोई काम बड़ा या छोटा नहीं है। बात होती है कि उसे कितनी लगन या मेहनत से हम करें, यह सबसे महत्वपूर्ण होता है। पढ़ाई पूरी करने के बाद जो कैरियर बनाने के बहुत से विकल्प मिलते हैं, लेकिन सफलता उन्ही को मिलती है जो अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलते हैं। कठिन परिश्रम व सच्ची लगन के साथ जब कोई आगे बढ़ता है तो उसे सफलता अवश्य मिलती है। क्योंकि लगातार प्रयास करने से पत्थर पर भी निशान पड़ जाते है। मेहनत किसी भी कठिनाई को दूर कर सकती है। उन्होंने उपस्थित सभी बच्चों को महाभारत के धनुषधारी अर्जुन की कहानी बताते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य को लेकर इतने एकाग्र थे कि उन्हें सिर्फ चिड़िया की आंख दिखाई दी। यदि आपको भी अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना है तो चिड़िया की आंख की तरह अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए मेहनत करेंगे तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। किसी भी युद्ध को जीतने के लिए रणनीति की जरूरत होती है, उसी प्रकार किसी भी परीक्षा की तैयारी करने के लिए आपको अच्छा मार्गदर्शन चुनना होगा और आगे बढ़ना होगा।

पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने भी बच्चों को मोटिवेट करते हुए अपने लक्ष्य निर्धारण के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में हर सफलता को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत और एकाग्रता ही मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि नियमित पढ़ाई के बाद जब अपना कैरियर चुनने का समय आए तब आपके मन और इच्छा के अनुरूप ही आगे की पढ़ाई करें। इस दौरान उन्होंने बच्चों के मन में उठ रहे कई सवालों के भी जवाब दिए। बातों ही बातों में उन्होंने अपने बचपन से लेकर अभी तक के सफर को एक कहानी के रूप में बताया। कैसे एक मिडल क्लास का बच्चा पढ़ाई करके इस मुकाम तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि कभी भी दबाव में आकर कैरियर नहीं चुनना चाहिए।

### सब्जेक्ट पर पकड़ बनाने उसे व्यवहारिक सोच के साथ पढ़े–सीईओ अबिनाश मिश्रा

सीईओ अबिनाश मिश्रा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को सफल होने के लिए परम्परागत तरीकों से रटकर पढ़ने की बजाए व्यवहारिक सोच के साथ अध्ययन करने की आवश्यकता है। इससे विषय की समझ बढ़ेगी और परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षा में दूसरों से आगे निकलकर अच्छे रैंक लाने पर सफलता मिलती है। इसके लिए जरूरी है परीक्षा के सिलेबस को समझ कर गहराई से सटीक रणनीति के साथ उसकी तैयारी करना अहम होता है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी बच्चों को स्कूल ऑफ रायगढ़ यू-ट्यूब पेज के बारे में बताया जिनमें सभी बच्चों के लिए विडियोज अपलोड किए गए हैं जिससे वे अपने झिझक को दूर कर सकें और वे आगे अपने कैरियर निर्धारण के बारे में जान सके।



युवा आईपीएस उदित पुष्कर ने कहा कि पढ़ाई के दौरान अगर गलतियां होती है तो उससे भागे नहीं बल्कि उस गलती को सुधारे। आगे सफलता जरूरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सिविल सर्विसेज की परीक्षा पूरे देश में सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। हजारों लाखों युवा हर साल परीक्षा में शामिल होते हैं। लेकिन कुछ लोग ही सफलता के शिखर तक पहुंच पाते हैं। इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत तो होती ही है, पर परीक्षा के लिए तैयार की गई उनकी रणनीति सफलता में खास भूमिका निभाती है।

एसडीएम गगन शर्मा ने कहा कि आपको फैसला खुद को लेना है कि आपको क्या करना है। उसके लिए आपको बेस्ट देना होगा। अगर आप किसी भी कॉम्पीटिशन परीक्षा में फैल हो जाते है तो निराश मत होईये, बल्कि उसके बारे में गहन अध्ययन करें, आखिर हमसें कहां चूक हुई और हम फेल कैसे हो गये। अगर आप उस बीच की गलतियों को सुधार लेंगे तो आगे सफलता अवश्य मिलेगी। इस दौरान उन्होंने अपने कैरियर में अभी जिस मुकाम तक पहुंचे उसे उपस्थित बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि जिले में तैनात भारतीय प्रशासनिक व पुलिस सेवा के अधिकारियों के साथ राज्य लोक सेवा आयोग के अफसरों ने परीक्षा में टाइम मैनेजमेंट, प्रेशर मैनेजमेंट, सिलेबस को प्रभावी तरीके से कवर करना, स्कोरिंग आंसर लिखना जैसे पहलुओं पर कैसे काम किया जाए इन सब पर भी बात की। साथ ही बच्चों के सवालों के जवाब भी दिए।

## समाचार सार

### चकरभाटा में मिला अज्ञात युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी




**बिलासपुर।** चकरभाठा थाना क्षेत्र में एक अज्ञात युवक की लाश मिली है. पहली नजर में युवक की हत्या की संभावना जताई जा रही है. फिलहाल चकरभाठा थाना पुलिस युवक का पता लगाने में जुटी हुई है।

बोदरी चकरभाठा थाना क्षेत्र में स्थित होटल सेंट्रल प्वाइंट के पीछे, खेत में एक अज्ञात व्यक्ति की खून से लथपथ लाश मिली है. इसकी जानकारी आस पास के लोगों ने चकरभाठा थाना पुलिस को दी. सूचना मिलने पर तत्काल चकरभाठा थाना पुलिस, बिलासपुर एएसपी राजेन्द्र जायसवाल और फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड सहित मौके पर पहुंचे. मृतक की नहीं हो पाई पहचान- मौके पर पहुंची चकरभाटा थाना पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए शवगृह भेजा है. पुलिस ने लाश की शिनाख्त के लिए आस पास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी लाश को नहीं पहचाना. आशंका यह भी जताई जा रही है कि, किसी हत्या में किसी बाहरी व्यक्ति का हाथ हो. फिलहाल चकरभाटा थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

### नक्सलियों ने ओरछा मार्ग किया बंद



**नारायणपुर।** नारायणपुर ओरछा मार्ग को नक्सलियों ने बंद कर दिया है। मार्ग को बंद करने के कारण यात्री बसों और बाकी वाहनों का आवागमन बंद हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने पिंनगुंडा नाले के पास सड़क को खोद दिया है। इस वजह से ही नारायणपुर ओरछा मार्ग में आवागमन बंद हो गया है। वहीं नक्सलियों ने रायनार के पास निर्माणधिन मोबाइल टॉवर में आग लगा दी है। दोनों घटनाओं के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। यह पूरी घटना ओरछा थाना इलाके की है।

### देर रात पेट्रोल पंप से की बाइक चोरी,तीनों आरोपी फरार

#### घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैद



**अंबिकापुर।** अंबिकापुर के एक पेट्रोल पंप का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में देर रात 3 युवक बाइक चोरी करते हुए नजर आ रहे हैं। इस घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि तीनों युवक पहले बाइक से पेट्रोल निकालते हैं, फिर बाइक भी चोरी कर लेते हैं। दरअसल, अंबिकापुर के एक पेट्रोल पंप में देर रात करीबन 2 बजे तीन युवक बाइक चोरी कर ले गए। युवकों ने पहले बाइक में से पेट्रोल निकाला फिर बाइक भी ले कर फरार हो गए। ये पूरा मामला आरके पेट्रोल पंप मणीपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। पुलिस इन तीनों युवकों की तलाश कर रही है।

## सुंदरराज पी. के मुख्य आतिथ्य में दीक्षांत परेड समारोह कार्यक्रम हुआ सम्पन्न




**जगदलपुर।** पुलिस महानिरीक्षक दक्षिण रेंज बस्तर श्री सुंदरराज पी0 (भापुसे) के मार्गदर्शन और मुख्य आतिथ्य में छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में स्थित सशस्त्र बल की 15वीं वाहिनी में बस्तर फाइटर नव आरक्षको का बुनियादी प्रशिक्षण प्रथम सत्र दीक्षांत समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। उक्त सत्र में 206 प्रशिक्षुओं को 15.09.2022 से 213 दिवस का गहन प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 204 प्रशिक्षु आरक्षक अपनी अंतिम परिणीति को प्राप्त कर पाए जबकि 02 अन्य स्वास्थ्यगत कारणों से प्रशिक्षण पूर्ण नही कर सके। प्रशिक्षण के दौरान इन आरक्षकों को इन्डोर व आउटडोर दोनों ही प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का समापन 15/04/2023 को हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि बस्तर पुलिस महानिरीक्षक श्री सुन्दरराज पी0 (भापुसे) रहें, साथ ही कार्यक्रम में विशेष अतिथि श्री सुशील मिश्रा, उप पुलिस महानिरीक्षक, सी.आर.पी.एफ, श्री बी.एस. ध्रुव, उप पुलिस महानिरीक्षक, छसबल दक्षिण रेंज बस्तर जगदलपुर, श्री कमलोचन कश्यप मा उप पुलिस महानिरीक्षक, रेंज दंतेवाड़ा, श्री पुष्पेन्द्र कुमार सेनानी 229 सी. आर.पी.एफ, व श्री अशोक कुमार डी.एफ.ओ. बीजापुर, गणमान्य नागरिक एवं समस्त वरिष्ट पुलिस अधिकारीगण भी उपस्थित रहें।

केंद्रीय सचिव ने बस्तर में संचालित कार्यों का किया निरीक्षण

## बस्तर कोसा के उत्पाद का दिल्ली जैसे बड़े शहरों में आउटलेट खोलने के निर्देश



**जगदलपुर।** केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय के सचिव श्री अनिल कुमार झा अपने बस्तर जिले के प्रवास में शुक्रवार को उन्होंने एकलव्य विद्यालय, रेशम धागा प्रसंस्करण केंद्र, कोसा विक्रय केंद्र आदिशिल्प, आसना स्थित बादल, बाबूसेमरा स्थित ट्रायफूड पार्क, कचरा प्रबंधन केंद्र और बकावंड स्थित काजू प्रसंस्करण केंद्र और शनिवार को तुरेनार के रीपा सेंटर की गतिविधियों का अवलोकन किया। उनके साथ छग शासन के सचिव श्री डीडी सिंह, आदिवासी विकास विभाग आयुक्त श्रीमती शमी आबदी, कमिश्नर श्री श्याम धावड़े, कलेक्टर श्री चन्दन कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। सचिव श्री झा ने एकलव्य विद्यालय की व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए, विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसे सचिव व अन्य अधिकारियों ने सराहा। उन्होंने बस्तर कोसा के उत्पाद का बेहतर प्रचार प्रसार के साथ साथ दिल्ली जैसे बड़े शहरों में आउटलेट खोलने के निर्देश दिए.इस पर आयुक्त आबिदी ने बताया कि उत्पाद की बिक्री हेतु अमेजन, फ्लिपकार्ट से चर्चा किया गया है। सचिव श्री झा ने बादल में जनजाति संस्कृति के वाद्य यंत्रों,भाषा-बोली के संरक्षण और बढ़ावा देने हेतु की जा रही लेखनी कार्य की सराहना की। बकावंड काजू प्रसंस्करण के द्वारा महिला समूहों को आर्थिक लाभ देंने की सराहना करते हुए, उन्होंने काजू प्रसंस्करण और अंतिम उत्पाद बनने की सभी चरण का अवलोकन किया। उन्होंने ट्रायफूड पार्क के निर्माण में हो रहे विलम्ब को लेकर नाराजगी जताते हुये फूडपार्क के बचे कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।



## छत्तीसगढ़ के कॉलेजों में प्रवेश लेने की उम्र का बंधन समाप्त

### कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले छात्राओं की संख्या में हुई वृद्धि

जोहार छत्तीसगढ़–
रायगढ़।

छत्तीसगढ़ के कॉलेजों में प्रवेश लेने की उम्र की सीमा समाप्त किए जाने से पढ़ने के इच्छुक लोगों को पढ़ाई का फिर से मौका मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नए कॉलेज प्रारंभ किए जा रहे हैं।

साथ ही कॉलेजों में विभिन्न विषयों के नए-नए संकाय प्रारंभ किए जा रहे हैं। राज्य के कॉलेजों में लड़कियों के प्रवेश लेने की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। यह छत्तीसगढ़ के लिए शुभ संकेत है, आने वाले दिनों में महिलाओं को सशक्त होने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल की पहल पर उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नैक के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदण्डों के अनुरूप शैक्षणिक अधोसंरचना एवं अकादमिक स्तर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड पर नैक से संबद्धता प्राप्त करने का अभियान प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में नैक से मूल्यांकित कॉलेजों की संख्या 192 हो गई है। सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि कॉलेज में प्रवेश लेने वालों छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जहां 2018-19 में करीब 2 लाख 26 हजार 373 छात्रों ने कॉलेज में प्रवेश लिया वहीं यह संख्या वर्ष 2022-23 में 48 प्रतिशत बढ़कर 3 लाख 35 हजार 139 हो गई है। जो कि 2018-19 की तुलना में एक लाख 8 हजार 766 अधिक है। कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विगत 4 वर्षों में कुल 33 नवीन शासकीय एवं 76 अशासकीय महाविद्यालय की स्थापना की गई है। छत्तीसगढ़ में 285 शासकीय महाविद्यालय, 12 अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय एवं 252 अनुदान अप्राप्त अशासकीय महाविद्यालय संचालित हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 09 राजकीय एवं 15 निजी विश्वविद्यालय संचालित है।

बिलासपुर से रायगढ़ की दूरी को ध्यान में रखते हुए रायगढ़ में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। शैक्षणिक स्तर को ऊँचा करने के उद्देश्य से प्रदेश में शासकीय महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के कुल 27 विषयों पर 1384 रिक्त पदों के लिए भर्ती जारी की गई थी, जिसमें से 1167 अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके हैं। इसके अलावा ग्रंथपाल, क्रीड़ा अधिकारियों सहित अन्य शैक्षणिक और अशैक्षणिक पदों पर भी भर्ती की गई है। उच्च शिक्षा में लड़कियों को प्रोत्साहन देने के लिए 26 कन्या महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है। अन्य महाविद्यालय में सह-अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। वर्ष 2018-19 में जहां 91,982 छात्रों की तुलना में 1,34,391 छात्राओं ने कॉलेज में एडमिशन लिया वहीं 2022-23 में यह बढ़कर छात्रों की संख्या 1,28,310 एवं छात्राओं की संख्या 2,06,829 हो गई है। जो की छात्रों की तुलना में छात्राओं का संख्या 61 प्रतिशत अधिक है। यह एक सुखद संकेत है की महिलाएं अपनी शिक्षा को लेकर काफी जागरूक है।

## राजधानी में 2 दिवसीय नाइट बाज़ार, प्रदेशभर से पहुंचे डिज़ाइनर, होम डेकॉर,ज्वेलरी,कॉस्मेटिक सहित स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध

जोहार छत्तीसगढ़



**रायपुर।** राजधनी रायपुर में 15 व 16 अप्रैल को प्रदेश के विभिन्न जिलों से फैशन डिज़ाइनर 2 दिवसीय नाइट बाजार के आयोजन में हिस्सा लेने पहुँचे है, उक्त जानकारी देते हुए आयोजनकर्ताओं ने बताया कि शो का उदघाटन माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी द्वारा किया गया, कांसेप्ट फ़ॉर यु इवेंट्स इंडिया के बैनर तले राजधानी रायपुर के शंकर नगर अशोका रतन स्थित गरबा ग्राउंड में आयोजित इस 2 दिवसीय नाइट बाजार शो में होम डेकोर, ज्वैलरी, बुटीक, स्वादिष्ट व्यंजन, गेम्स सहित शॉपिंग के लिए अनेक वैरायटी उपलब्ध रही।

छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 30 से अधिक ज्वेलरी,परफ्यूम, हैंडलूम, कॉस्मेटिक, साड़ी, फुटवियर, होम डेकॉर,फूड आदि के स्टॉल आए है जहां स्वादिष्ट व्यंजन भी राजधानीवासियों के लिए उपलब्ध है।कार्यक्रम का शुभारंभ आज शनिवार को दोपहर 3 बजे हुआ जिसका समापन कल रविवार को रात 11 बजे होगा,उदघाटन समारोह के दौरान ज्योति अग्रवाल,मंजू दरयानी, निकिता पारेख,नेहा मिनोचा, सोनल रघुवंशी सहित अनेक समाजसेवी महिलाएं उपस्थित रही।



# रात में अचानक थाना पहुंचे एसपी कार्य में लापरवाही देख पुलिस के जवानों को लगाई फटकार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

पुलिस थानों में कामकाज का जायजा लेने के लिए पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने शुक्रवार देर रात शहर के थानों का भ्रमण किया। वे औचक रूप से विश्रामपुर और जयनगर थाना पहुंचे। दोनों थानों में पुलिस के कामकाज का जायजा लिया और अपराधों के निकाल एवं लंबित जप्ती माल के निराकरण की धीमी गति देख सख्त लहजे में प्रभारियों को कहा कि जल्द विधिसम्मत निराकरण न हुआ तो कड़ी कार्यवाही के लिए तैयार रहे। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना का रोजनामचा सही समय पर है अथवा नहीं इसका अवलोकन किया। थाना के रिकार्ड का अवलोकन कर किए गए कार्यवाही का दाखिला को चेक किया। थाना के सीसीटीएनएस कार्यो का जायजा लिया और ऑपरेटर से सभी प्रकार की प्रविष्टियों के बारे में जानकारी लीए




सड़क हादसों के प्रकरणों का डाटा आइ रेड एप इंटीग्रेटिड रोड एक्सिडेंट डाटाबेस समय का विशेष ध्यान रखते हुए अपलोड करने के निर्देश दिए। कई बार सड़क किनारे लगे दुकानों एवं वहां एकत्रित भीड़ के कारण सड़क दुर्घटना होती है, दुर्घटना से लोगों की सुरक्षा के लिए सड़क किनारे लगने वाले दुकानों को निर्धारित स्थान लगवाने, यातायात नियमों का उल्लघंन, शराब पीकर वाहन चलाने तथा तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों के विरूद्ध सख्त रूख अपनाते हुए मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पुलिस ने आमजनता से अपील किया है कि सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से किसी प्रकार का दुकान न लगाए इससे सड़क दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारियों और जवानों को निर्देशित किया कि महिलाओं, बच्चों, वृद्धजन एवं समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनकी शिकायतों पर तत्काल विधि संगत कार्रवाई करते हुए उन्हें राहत दी



जाए। इस व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। पुलिस थानों में किसी भी शिकायत अथवा घटना की जांच निष्पक्ष एवं पारदर्शी होनी चाहिए। जिन प्रकरणों में राहत राशि दिलाने का प्रावधान है उन मामलों में पीड़ित को तत्काल राहत राशि दिलाने संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कराए। लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए निराकरण शीघ्र करने व थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों से संवाद करते हुए सूचना संकलन को और मजबूत करने, समंस वारंट की तामीली सीआरपीसी के निहित प्रावधानों के अनुसार कराने तथा बाहर से आकर क्षेत्र में डेरा लगाने वालों की चेकिंग करने के निर्देश दिए।

### अवैध कार्यो पर सख्ती से करें कार्यवाही

*पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अवैध नशे के कारोबार सहित जुआ, शराब, कोयला चोरों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करें। गुंडे व बदमाशों के विरुद्ध आपराधिक रिकार्ड को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही चोरी, नकबजनी सहित अन्य मामलों में फरार आरोपियों की पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जवानों से कहा कि कामकाज से संबंधित किसी भी तरह की परेशानी को लेकर उनसे सीधा संपर्क किया जा सकता है।*


### अपराधों की रोकथाम व आमजन में विश्वास के लिए करें सतर्कता से रात्रि गश्त

*पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने थानों के औचक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों व जवानों को कहा कि अपराधियों में पुलिस का खौफ, अपराधों की रोकथाम एवं नागरिकों की सुरक्षा और पुलिस के प्रति विश्वास को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र में रात्रि गश्त सर्तकता से करें। शुक्रवार की रात्रि में उन्होंने रात्रि गश्त का भी जायजा लिया और गश्त प्वाईन्ट पर तैनात जवानों से मुलाकात कर गश्त की बारीकियों से उन्हें अवगत कराया और उन्हें कहा कि रात्रि गश्त एक महत्वपूर्ण सुरक्षा ड्यूटी है, आम जनता में सुरक्षा का एहसास हो इसलिए पुलिस गश्त प्वाइंट व अपने बीट पर सजगता सतर्कता एवं पूर्ण सावधानी से लगातार गश्त करते हुए निगरानी रखने को कहा ताकि अपराधों पर अंकुश लगाई जा सके और गांव-शहर की सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। रात्रि में अनावश्यक घुमने वाले लोगों से कड़ाई से पूछताछ कर उनसे इस बात की तस्दीक करने को कहा कि वें कहा गए थे और कहां से वापस आ रहे है।*

## समाचार सार

### काम करने गए सरगुजा के युवक ने बैंगलोर में रह रहे कमरे में लगाई फांसी

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।



सरगुजा जिला के युवक काम करने गया था बैंगलोर रह रहे कमरे में लगाई फांसी, मैनपाट ब्लाक के ग्राम पेट का युवक खिजर खान 30 वर्ष अपने परिवार चलाने के लिए काम करने बेंगलुरु गया हुआ था जिसने बीती रात अज्ञात कारणों से अपने रह रहे कमरे में फांसी लगा ली है। जिसकी सूचना सुबह फोन के द्वारा परिवार वालों को मिली जैसे ही परिवार वालों को उसकी सूचना मिली, पूरे परिवार व पेट ग्राम में मातम का माहौल छा गया है। युवक रविवार को घर वापस आने वाला था युवक परिवार का बड़ा लड़का था परिवार वाले युवक के पार्थिव शरीर को घर लाने के लिए शासन से गुहार लगा रहे हैं।

### राइस मिल में काम के दौरान युवती की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**धमतरी।** धमतरी जिले से इस वक्त बड़ी खबर सामने आई है। जहां राइस मिल में एक युवती की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवती ओम नवकार राइस मिल में काम करती थी। काम के दौरान उसकी मौत हुई। अर्जुनी थाना क्षेत्र के साकरा गांव का मामला। मिली जानकारी के अनुसार ओम नवकार राइस मिल में यह घटना हुई है। मृतिका का नाम मंगोती मंडावी जो कि, केशकाल की रहने वाली थी। काम के दौरान चलनी में फंसने से उसकी मौत होना बताया जा रहा है।

### हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ मेला का किया गया आयोजन

**दंतेवाड़ा।** जिले में राज्य के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी के मार्गदर्शन में आयुष्मान भारत अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर विभिन्न स्वास्थ संस्थाओं में हेल्थ मेला का आयोजन किया गया। आयुष्मान भारत के अंतर्गत 2018 में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के रूप में स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन किया गया था इसके पश्चात लगातार प्रतिवर्ष जिले की विभिन्न संस्थाओं को हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के रूप में परिवर्तित किया गया। जिले में लगभग 65 से अधिक उप स्वास्थ्य केंद्र एवं 11 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के रूप में परिवर्तित किया गया है जहां प्राथमिक उपचार के साथ-साथ 11 प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के प्रारंभ होने से ग्रामीण अंचलों में लोगों को विभिन्न प्रकार की सुविधाओं के साथ-साथ ब्लड ,शुगर की निशुल्क जांच एवं निशुल्क दवाइयों का उपलब्धता सुनिश्चित किया गया है जिला स्तरीय कार्यक्रम में दंतेवाड़ा विकासखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र तुडपारास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



# खुटाघाट बांध से नहर में पानी छोड़ा गया,शामिल हुए अध्यक्ष और सभापति

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बेलतरा। मस्तूरी क्षेत्रों के किसानों को रवि फसल के लिए पानी की आवश्यकता को देखते हुए, किसानों के द्वारा बांध से पानी छोड़े जाने की मांग की जा रही थी इन क्षेत्रों में किसानों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी पानी की दिक्कत हो रही थी, भीषण गर्मी पड़ने के वजह से नदी, तालाब कुएं सूखते जा रहे हैं और कई जगह तो हैंडपंप में भी पानी नहीं आ रहा है जिसकी वजह से लोगों को पानी की समस्या हो रही है





इन्हीं समस्या को देखते हुए जिला पंचायत के अध्यक्ष ने खुटाघाट डैम पहुंचकर विधिवत पूजा कर नहर से पानी छोड़ा है मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा,निरज जायसवाल, दामोदर सिंह क्षत्री, अनिल श्रीवास, एवं क्षेत्र के स्थानीय नेता सभी मौजूद रहे।

# हत्या के प्रयास मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार, भटगांव पुलिस की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

भटगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम केवटाली जंगल में डोमनहील चिरमिरी निवासी रोहित सिंह और उसके साथियों द्वारा रास्ता रोककर भाजयुमो के मण्डल अध्यक्ष अमन प्रताप सिंह व उसके साथियों को जान से मारने की धमकी देकर राड से प्राणघातक हमला किया गया। प्रार्थी अखण्ड प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर थाना भटगांव में धारा 341, 147, 148, 149, 506बी, 324, 323, 307, 115, 120बी आईपीसी के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पूर्व में मामले के आरोपी संजय अग्रवाल, चंदन उर्फ चंद्रप्रकाश शर्मा, आफताब खान उर्फ गोलू व राकेश चौहान को गिरफ्तार किया गया था और अन्य आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज




रामगोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में थाना भटगांव की पुलिस आरोपी की पतासाजी में लगी थी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव व चिरमिरी पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी विक्रम सिंह उर्फ विक्की पिता अभय सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी सोनामनी डोमनहील, चिरमिरी, थाना चिरमिरी जिला एमसीबी को घेराबन्दी कर पकड़ा और विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, थाना प्रभारी चिरमिरी कमलकांत शुक्ला, एसआई सीपी तिवारीए प्रधान आरक्षक संदीप वारीश, सुरेन्द्र गौड, संजय पाण्डेय, आरक्षक रामजी गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, रौशन सिंह, युवराज यादव, नौशाद, संतोष जायसवाल, प्रकाश व प्रहलाद पैकरा सक्रिय रहे।

# जिसने हारा वही जीत के महत्व को समझा-गिरधर जायसवाल

जोहार छत्तीसगढ़-सकती।

आम जिंदगी हो या खेल जिसने कभी हारा है वहीं जीत के महत्व को समझा है। ग्रामीण क्षेत्रों के खेल प्रतिभा को आगे आने का अच्छा अवसर हैं उक्त विचार ग्राम भदरीपाली में आयोजित ग्रामीण स्तरीय तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के



शुभारंभ के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महन्त के शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि अधिवक्ता गिरधर जायसवाल ने कही जायसवाल ने कहा कि कड़ी धूप में क्रिकेट खेलना आयोजन करना हिम्मत का काम है उससे बड़ा काम है क्रिकेट प्रेमी जो मैच को देखने आए हैं समाज सेवी विशिष्ट अतिथि पिन्टू ठाकुर ने कहा कि हार जीत को गम्भीरता ने लेकर मनोरंजन करें सभी आयोजन समिति पढ़ने वाले छात्र हैं अपने खेल प्रतिभा को निखरने का काम करे इस अवसर पर शिक्षा विभाग के संगठन के नेता भोला शंकर साहू आयोजन समिति के अध्यक्ष मुन्ना लाल टण्डन भुपेश चौहान बृज लाल टण्डन राकेश दिवाकर मोनीष राहुल छत राम अजय करण किशोर सूरज अतुल राकेश शिव रमन संजय विजय सहित युवाओं की उपस्थिति रही आयोजन समिति द्वारा 16 मैच कराने का निर्णय लिया गया हैं उदघाटन मैच डभरा बसन्तपुर एवं सकती में मध्य खेला गया।

# बिहान कैडर्स संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल के 5 दिन कहा सरकार हमारी मांगे पर ध्यान दो अन्यथा आने वाले समय में अंजाम के लिए तैयार रहें

* मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल पर

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने तपसी धूम में टेंट लगाकर बैठे हड़ताल के 5 दिन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत समस्त समुदायिक संवर्ग पीआरपीए एफ एलसीआरपी, आरबीके बैंक मित्र एवं सक्रिय महिला अनिश्चित हड़ताल के पांचवे दिन कहा सरकार हमारी मांगे पर ध्यान दें हम 300 महिलाओं नही 20 हजार लोगों है यदि सरकार हमारी मांगे को नहीं मानतीं है तो आने वाले चुनाव में इसका खामियां भुगतना पड़ेगा हम सभी कैडर्स बिहान योजना से मिलने वाले मानदेय से संतुष्ट नहीं है 1500 रुपए दो मान देह मिलता है उसके एवज में 12-12 घंटे हमसे काम कराते हैं। उसके बदले




50 रुपए प्रतिदिन मान देह दिया जाता है। उससे ज्यादा पेट्रोल आदि में खर्चा हो जाता है जिसमें हमारा परिवार का भरण पोषण नहीं हो पाता है। जिस तहत से कैडर्स से काम लिया जाता है उस हिसाब से मानदेय नहीं दिया जाता है। इसलिए हम सभी समुदायिक संवर्ग कैडर्स चार सूत्री मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने 10 अप्रैल 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल के 5 दिन 300 से अधिक महिलाओं धरने पर बैठीं है। शासन से मांग की है कि. मानदेय विद्धि किया जाये। प्रतिमाह मानदेय भुगतान किया जायेए नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया जाये, नियमिति करण किया जाये। शासन के द्वारा उन्हें काम पर लौटे की धमकी दी जा रही है आप तत्काल हड़ताल वापस ले नहीं तो दूसरे लोगों को काम पर रख लिया जायेगा। शासन के द्वारा हमारी आवाज़ को दबाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन हम पीछे हटने वाले नहीं हैं।

# भाजपा ने अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में स्वास्थ्य शिविर लगाया

जोहार छत्तीगढ़-सूरजपुर।

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं मंडल सूरजपुर ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में अम्बेडकर जयन्ती के उपलक्ष्य पर ग्राम पंचायत पसला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 353 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया जिसमे से 82 मरीजों को पंचगव्य थेरेपी कराया गया एवं 26 मरीजों का दांत का इलाज किया गया एवं सभी मरीजों का शुगर बीपी का चेकअप किया गया एवं निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष बाबुलाल अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भीमसेन अग्रवाल पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृपाल साहू उपाध्यक्ष पुष्पा सिंह कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में जिलाध्यक्ष बाबुलाल




अग्रवाल ने कहा कि अम्बेडकर जयंती के अवसर पर जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं ग्रामीण मंडल सूरजपुर का यह आयोजन सेवा कार्य का सबसे बड़ा उदाहरण है, एवं बाबा साहब के सिद्धांत के अनुसार समावेशी समाज की परिकल्पना को साकार करने वाला है मैं सभी डॉक्टर बंधुओं को एवं सवास्थ्य सेवा देंने वाली टीम को हृदय से धन्यवाद देता हूं जिन्होंने अपना महत्वपूर्ण समय जनसेवा के इस कार्य मे दिया ग्रामीण मंडल को



भी मैं बहुत बधाई देता हूं कि इन्होंने इतना बड़े सफ ल आयोजन का बीड़ा उठाया। भीमसेन अग्रवाल एवं रामकृपाल साहू ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है दिन दुखी कि सेवा का यह कार्य सराहनीय है एवं भाजपा हमेशा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास के सिद्धान्तों पर काम करती है । स्वागत उद्बोधन चिकित्सा प्रकोष्ट के जिला संयोजक डॉ. शुशांत विश्वास ने देते हुए अथितियों का अभिनंदन किया। साथ ही जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र राजवाड़े ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

*ग्रामीण मंडल की और से समस्त डॉक्टर, स्टाफ एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ एचएन चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे डॉक्टरों की टीम में डॉक्टर जयराम साहू चिकित्सा प्रकोष्ठ सहसंयोजक एवं डॉक्टर सुनील श्रीवास्तव चिकित्सा प्रकोष्ठ सहसंयोजक डॉ मुकेश राजवाड़े दंत स्पेशलिस्ट डॉ दीपक सिन्हा भैयाथान मंडल संयोजक डॉक्टर राजेश शर्मा फार्मासिस्ट प्रमोद सोनी डॉ तरुण कुमारी सावित्री पंचगव्य थेरेपी डॉ अवधेश कुमार उनके साथ डॉ कामेश्वर राजवाड़े अर्जुन और विनोद उपस्थित रहे।*

जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़, रविवार 16 अप्रैल 2023

## डीनो डेनिस की एक्शन एंटरटेनर बाजूका में नजर आएंगे ममूटी




सुपरस्टार ममूटी निर्देशक डीनो डेनिस की मलयालम एक्शन एंटरटेनर फिल्म बाजूका में नजर आएंगे, जिसमें गौतम मेनन और गायत्री अय्यर भी हैं। मम्मूटी ने कहा: मैं इस बहुत ही रोमांचक कहानी पर डीनो के साथ काम कर वास्तव में खुश हूं। युवा पेशेवरों के साथ काम करना हमेशा उत्साहजनक होता है, जो सिनेमा और दुनिया को नई आंखों से देखते हैं।

वह जोखिम लेने को हमेशा तैयार हैं और ऐसी कहानियां बताना चाहते हैं जो पहले कभी नहीं बताई गई। मुझे यकीन है कि यह फिल्म हम सभी के लिए मील का पत्थर साबित होगी और दर्शकों को भी रोमांचित करेगी।



# सिल्वर कट आउटफिट में दिशा पाटनी ने दिखाया हुस्न का जलवा

### फोटो देखकर फैंस ने भरी आहें

**बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अपनी अदाओं से फैंस के दिलों को बेकरार करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी स्टाइलिश तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने फैंस को इंप्रेस करने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। कट आउट शिमरी आउटफिट में एक्ट्रेस दिशा पाटनी गजब की बला लग रही हैं।**

उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। डीपनेक आउटफिट में एक्ट्रेस दिशा पाटनी की तस्वीरों ने सोशल मीडिया का टेम्परेचर हाई कर रखा है, उनकी तस्वीरें फैंस को बेताब कर रही हैं। एक्ट्रेस भले ही फिल्मों में कम धमाल कर रही हों लेकिन, सोशल मीडिया पर वो फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाना बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने बिकिनी लुक्स अक्सर शेयर करती रहती हैं। उनकी तस्वीरें पल भर में सोशल मीडिया की सुर्खियां बन जाती हैं। दिशा का बोल्ड स्टाईल चाहे वो साड़ी में हो या फिर बिकनी में सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाता है। दिशा पाटनी का जन्म 13 जून 1993 को देहरादून में हुआ था। साथ ही दिशा पाटनी ने एक्टिंग की दुनिया में डेब्यू साल 2015 में आई फिल्म लोफर से किया था। बॉलीवुड में दिशा को पहचान फिल्म एमएस धोनी: अनटोल्ड स्टोरी से मिली। इसके बाद दिशा टाइगर श्रॉफ के साथ बागी 2 में और सलमान खान के साथ मूवी भारत में नजर आई हैं। एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं।

# स्नेहल राय ने दो महीने में कम किया 15 किलो वजन, शेयर की टिप्स

**इश्क का रंग सफेद, इच्छाप्यारी नागिन, विश और कई अन्य टीवी शो का हिस्सा रह चुकीं स्नेहल राय ने दो महीनों में 15 किलो वजन कम करने के बारे में बात की और फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए टिप्स शेयर किए। स्नेहल ने कहा: मैं अपने शरीर को अपना मंदिर मानती हूं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि अधिक खाना एक लत है जो धूम्रपान या शराब के सेवन जितना ही खतरनाक हो सकता है।**



वह इस बात पर जोर देती हैं कि इन अस्वास्थ्यकर आदतों से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, और इसलिए, हम क्या खाते हैं, इस पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उनके लिए खूबसूरत होने का मतलब है फिट और स्वस्थ रहना, भले ही उनका वजन कुछ भी हो। मेरा मानना है कि अपने शरीर की देखभाल करना पूजा का एक रूप है, और मुझे अपने शरीर के हर इंच पर गर्व है। मेरे स्वास्थ्य और फिटनेस को बनाए रखने की मेरी प्रतिबद्धता एक स्वस्थ जीवन शैली का नेतृत्व करने के लिए मेरे समर्पण को दर्शाती है। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी भी अपने शरीर के वजन या दिखने की आलोचना को नकारात्मक तरीके से नहीं लेती हैं, बल्कि वह इसे फिट और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरणा के रूप में लेती हैं। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा कड़ी मेहनत करने और अपने आलोचकों को गलत साबित करने के लिए प्रेरणा के रूप में ताने और नकारात्मक टिप्पणियों का उपयोग करना सीखा है। मेरे दृढ़ निश्चय और आत्म-विश्वास ने मुझे चुनौतियों से उबरने और 2 महीने में 15 किलोग्राम वजन कम करने के अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने में मदद की है और इस यात्रा में मेरा मार्गदर्शन करने के लिए मैं अपने ट्रेनर राज सर की बहुत आभारी हूं।

○○

# मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी की फिल्म बैड बॉय का ट्रेलर जारी, 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में होगी रिलीज



जाने-माने निर्देशक राजकुमार संतोषी मौजूदा वक्त में बैड बॉय को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म ने 28 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों को रिलीज होगी। अब निर्माताओं ने बैड बॉय का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे देख प्रशंसक इस फिल्म के लिए उत्साहित हो गए हैं। फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है जो एक मध्यवर्गीय लड़के और एक उच्च शिक्षित लड़की के बीच की प्रेम कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके परिवार में सख्त पारंपरिक मूल्य हैं। ट्रेलर की शुरूआत ही एक जबरदस्त सॉन्ग के साथ होती है। इसके बाद प्यार में पड़े दो लव बर्ड्स के साथ रहने के संघर्ष को दिखाया गया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए नमाशी चक्रवर्ती ने कहा, मैं बैड बॉय के साथ शुरुआत करने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूं। मेरा किरदार रघु, जो एक बेपरवाह बिंदास का किस्म का लड़का है। जिससे मैं पर्सनली बेहद कनेक्टेड फील करता हूं। हमने दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए फिल्म में खूब मेहनत की है।

अमरीन ने कहा, न्यूकमर के रूप में, बैड बॉय के साथ शुरुआत करना और फिल्म इंडस्ट्री के सबसे महान निर्देशकों में से एक राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित फिल्म का हिस्सा होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैंने इस फिल्म को साइन करने के बारे में कभी सोचा नहीं था और मुझे यह मौका देने के लिए मैं हमारी फिल्म के निर्माता साजिद कुरैशी का बहुत आभारी हूं।

# शाहिद कपूर की ब्लडी डैडी का टीजर जारी, 9 जून को जियो सिनेमा पर होगा प्रीमियर




बॉलीवुड के 'कबीर सिंह' शाहिद कपूर साल 2023 में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. एक्टर की कई बैक टू बैट फिल्में आने वाली हैं. फिलहाल एक्टर अपनी अपकमिंग फिल्म ब्लडी डैडी को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं. बीते दिन फिल्म का धांसू पोस्टर रिलीज किया गया था जिसमें शाहिद का इंटेंस लुक काफी इम्प्रेसिव था. वहीं आज फिल्म का धमाकेदार टीजर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है. फिल्म का टीजर अपने नाम की तरह ही खून से लथपथ है. टीचर की शुरुआत शाहिद से होती है इसके फौरन बाद उनके हाथ में चाकू नजर आता है और फिर शाहिद एक के बाद एक लोगों को मारते नजर आते हैं. फिल्म का टीजर देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि शाहिद एक बार फिर अपने खतरनाक वहीं टीजर को जारी करते हुए शाहिद ने कैप्शन में रिलीज डेट भी अनाउंट की है. कैप्शन में लिखा है, फिल्मों में एक ब्लडी गुड टाइम के लिए रेडी हो जाइए. ब्लडी डैडी 9 जून 2023 को जियो सिनेमा पर. यानी ये फिल्म थिएट्रिकल रिलीज की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर डायरेक्ट रिलीज होगी.

वहीं बीते दिन शाहिद ने ब्लडी डैडी का पोस्टर कर फिल्म में अपना फर्स्ट लुक रिवील किया था. पोस्चर में शाहिद एंग्री अवतार में नजर आ रहे हैं. उनकी नाक पर चोट का निशान, आंखों में गुस्सा और शर्ट के कॉलर पर खून लगा नजर आ रहा है. शाहिद के इस इंटेंस लुक को देखन के बाद फैंस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो गए हैं. शाहिद कपूर के ब्लडी डैडी में इंटेंस लुक ने फैंस के रौंगटे खड़े कर दिए हैं. फिल्म में रोनित रॉय, संजय कपूर, डायना पेंटी और विवान भतेना भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे।

## खेल

# पहला टी-20 पाकिस्तान ने 88 रनों से जीता:काम ना आई हेनरी की हैट्रिक

**लाहौर। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच टी-20 मैचों का पहला मुकाबला शुक्रवार रात लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया। पाकिस्तान ने पहला मैच 88 रनों से जीत कर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।**



पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 182 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम महज 94 रन ही बना सकी। पाकिस्तान के लिए इस मैच में तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने शानदार प्रदर्शन किया। रऊफ ने 3.3 ओवर में सिर्फ 17 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने हैट्रिक विकेट लिए।

पाक कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने 14 गेंदों पर ही पाकिस्तान को पहला झटका दिया। विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान 8 रन बनाकर ही एडम मिल्ने की गेंद पर पवेलियन लौट गए। उनके जाने के बाद कप्तान आजम भी ज्यादा देर तक क्रीज पर टिक नहीं सके और वे भी 30 रन के स्कोर पर मिल्ने की ही गेंद पर आउट बोल्ड हो गए। वे भी सिर्फ 9 रन ही बना सके।

सईम अयूब और फखर जमान के बीच 79 रन की पार्टनरशिप बाबर के जल्दी आउट होने के बाद फखर जमान और सईम अयूब ने पाकिस्तानी पारी को संभाला। दोनों के बीच 79 रन की पार्टनरशिप हुई। अयूब 28 गेंदों पर 47 रन बनाकर रन आउट हो गए। उस समय टीम का स्कोर 109 रन हो गया था। फखर भी 131 रन के स्कोर पर आउट हो गए। जमान का विकेट ईश सोढी ने लिया। उन्होंने 37 गेंदों पर 47 रन बनाए। इन दोनों के अलावा फहीम असरफ ने 16 गेंदों पर 22 रन बनाए।

न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने 4 ओवर में 32 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने इस दौरान अपनी हैट्रिक भी पूरी की। वहीं मिल्ने ने 4 ओवर में 51 रन देकर 2 विकेट और बेन लिस्टर ने भी 3.5 ओवर में 30 रन देकर 2 विकेट लिए।



### कीवी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही

पाकिस्तान से मिले 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर चाड बोवेस 01 और तीन नंबर के बल्लेबाज विल यंग 2 रन बनाकर आउट हुए। फिर डैरिल मिचेल 11 और कप्तान टॉम लाथम भी 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। न्यूजीलैंड ने 56 रन पर 4 विकेट गंवा दिए। उसके बाद मार्क चैपमैन ने पारी संभालने की कोशिश की। वे 27 गेंदों पर 34 रन बनाकर शादाब खान की गेंद पर कैच आउट हो गए।

### 6 रन के अंदर 5 विकेट गवाएं

*टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज मिडिल ऑर्डर भी लड़खड़ा गया। हालांकि मार्क चैपमैन और जेम्स नीशम ने पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन इन दोनों के आउट होने के बाद 6 रनों के अंदर कीवी के 5 विकेट गिर गए। न्यूजीलैंड ने पांचवां विकेट 88 रन पर गंवाया था। वहीं आखिरी विकेट 94 पर गिरा।*

## एक नजर

# गेंदबाजों की चोट को लेकर चिंतित फ्लेमिंग

**चेन्नई।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बीती रात मिली तीन रन की रोमांचक हार के बाद चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कप्तान महेंद्र सिंह धोनी सहित उनकी टीम में चोटिल खिलाड़ियों की बढ़ती पर चिंता जताई है। धोनी जहां सीज़न की शुरुआत के पहले से ही घुटने की चोट से जूझ रहे हैं, वहीं सुपर किंग्स से इसी साल जुड़े दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज सिसांदा मगाला की दो उंगलियों के बीच का मांस राजस्थान के खिलाफ फील्डिंग करते हुए फट गया है। फ्लेमिंग ने हालांकि धोनी को पहले से तैयारी करने और खुद को मैच फिट रखने के लिये उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की क्योंकि धोनी आईपीएल के अलावा किसी और टूर्नामेंट में शामिल नहीं होते हैं। फ्लेमिंग ने कहा, वह (धोनी) घुटने की चोट से जूझ रहे हैं जिसे आप फील्ड पर उनके प्रदर्शन में भी देख सकते हैं। वह फिटनेस के मामले में शुरू से ही पेशेवर रहे हैं। वह मैच फॉर्म में वापसी के लिये काफी मेहनत करते हैं और मुझे लगता है कि उनके प्रदर्शन से आपको भी लगता होगा कि वह काफी अच्छा खेल रहे हैं। वह हमेशा खुद को तेज और आगे रखते है। चेन्नई ने 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 ओवर में सिर्फ 122 रन बनाये थे, लेकिन धोनी और रवींद्र जडेजा ने आखिरी तीन ओवरों में जोरदार संघर्ष किया। चेन्नई को जब पांच गेंद में 21 रन बनाने थे, तब धोनी ने दो गेंद पर दो छक्के जड़े लेकिन संदीप शर्मा ने अंतिम तीन गेंदों पर तीन यॉर्कर डालकर राजस्थान को तीन रन की जीत दिला दी।




### IPL में इस बार घरेलू मैदान का फायदा नहीं

# 38 पारियों में 10 बार 200 से ज्यादा रन बन चुके, टॉप-20 परफॉर्मर्स में 14 भारतीय खिलाड़ी

**IPL के 16वें सीजन के 15 दिन बीत चुके हैं। शुक्रवार तक 19 मैचों के बाद राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर और दिल्ली कैपिटल्स अंतिम स्थान पर है। टूर्नामेंट अभी तक काफी संतुलित नजर आया है, और शायद यही इसके रोमांच की वजह भी है।**



आंकड़े बताते हैं कि किसी भी टीम को परिस्थिति से कम या ज्यादा फायदा नहीं मिला है। 19 में से 10 मैचों में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम और 9 बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों को जीत मिली है। इससे पता चलता है कि पिचों का व्यवहार दोनों टीमों के पक्ष में रहा है और ओस का भी ज्यादा असर नहीं पड़ा है।

IPL के मौजूदा सीजन में 3 साल बाद होम-अवे फॉर्मेट की वापसी हुई है। इसमें भी आंकड़े काफी संतुलित नजर आते हैं। 19 में से 9 मुकाबलों में मेजबान टीम और 10 बार मेहमान टीम को जीत मिली है। यानी कोई भी टीम घरेलू मैदान का अनुचित फायदा नहीं उठा सकी है। फिलहाल सिर्फ लखनऊ ने घरेलू मैदान पर एक भी मैच नहीं हारा है।

### हैदराबाद ने कोलकाता को घर में 23 रन से हराया

# यह सीजन की दूसरी जीत, 13.25 करोड़ के हैरी ब्रुक ने जमाया पहला शतक

**कोलकाता।** 13.25 करोड़ रुपए के बल्लेबाज हैरी ब्रुक के बल्ले से आए सीजन के पहले शतक के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग-2023 के 16वें सीजन के 19वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को उसी के घर में 23 रन से हरा दिया है।

इस हफ्ते 5वीं टीम ने अपने घरेलू मैदान पर मुकाबला गंवाया है। इससे पहले, सोमवार को बेंगलुरु में RCB, मंगलवार को दिल्ली में DC, बुधवार को चेन्नई में CSK, मोहाली में PBKS ने मैच गंवाए हैं। हैदराबाद-कोलकाता के जीत-हार के रिकॉर्ड की बात करें तो यह हैदराबाद की कोलकाता पर 9वीं जीत है। दोनों के बीच 24 मुकाबले खेले गए हैं।



कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में मेजबान कप्तान ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी को चुना। टॉस हारकर बैटिंग करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में चार विकेट 228 रन बनाते हुए सीजन का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। जवाब में कोलकाता 20 ओवर में सात विकेट पर 205 रन ही बना सकी।

# नोएडा ने स्टेट बैंक को फुटबॉल का पाठ पढ़ाया

**नयी दिल्ली।** नोएडी सिटी एफसी ने फुटबॉल दिल्ली बी-डिवीजन लीग में एकतरफा मुकाबले में स्टेट बैंक को 14 गोलों से रौंद डाला। विजेता टीम के पीयूष भंडारी को श्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान मिला। नेहरू स्टेडियम पर खेले गये एक अन्य मैच में मैन ऑफ द मैच अनुज रावत के शानदार खेल से उत्तरांचल हीरोज ने ग्रोइंग स्टार को 5-0 से परास्त किया। अंबेडकर स्टेडियम पर कोलंबस यंगस्टर्स ने वॉरियर्स एफसी पर 3-1 की जीत दर्ज की। दिन के दूसरे मुकाबले में गढ़वाल एफसीडब्ल्यू ने ग्लोरियस को 3-0 से हराया। कोलंबस की जीत के हीरो दीपक चौधरी रहे, जिन्होंने दर्शनीय हैट्रिक जमाई। पराजित टीम का गोल अमित ने किया। गढ़वाल के लिये रोहित रावत ने दो गोल बनाये।



# स्व.बिसाहूदास महंत जयंती शताब्दी वर्ष के अवसर पर राज्य स्तरीय दिव्यांग व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 का हुआ शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।





महामाया की नगरी सक्ती में स्व.बिसाहूदास महंत जयंती शताब्दी वर्ष के अवसर पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता आज 15 अप्रैल को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम सक्ती में दिव्यांग व्हीलचेयर क्रिकेट संघ के तत्वाधान में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधायक प्रतिनिधि गुलजार सिंह ठाकुर थे तो वही अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि डॉ. चरणदास महंत एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नरेश गेवाडीन ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में उगेंद्र अग्रवाल पप्पू महंत समर्थक, रूप नारायण साहू अध्यक्ष कृषि उपज मंडी सक्ती, सहस राम कर्ष, टीपी भावे उपसंचालक, संतन दास निवेदिता फाउंडेशन, रायपुर और सक्ती की टीम ने जिला विधायक प्रतिनिधि गुलजार सिंह ठाकुर एवं विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन की उपस्थिति में टाश किया गया रायपुर की टीम ने टॉस जीतकर फिल्डिंग करने का निर्णय लिया और जिला सक्ती की टीम को बैटिंग का मौका दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधायक प्रतिनिधि गुलजार सिंह ठाकुर ने बताया की हमारे नेता विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के निर्देश में दिव्यांग व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 15 अप्रैल को आरंभ किया गया है यह आयोजन स्व.बिसाहूदास महंत जयंती शताब्दी वर्ष के अवसर पर दो दिवसीय है जिसमें सक्ती, राजनांदगांव, कोरबा, रायपुर 4 जिले की टीम ने भाग लिया है यह प्रतियोगिता सक्ती जिले में पहली बार आयोजित की जा रही है और ऐसे आयोजन हमेशा होने चाहिए ताकि दिव्यांग जनों का मनोबल बढ़ता है मैं आयोजन समिति के लोगों को धन्यवाद देता हूं कि ऐसे आयोजन अवश्य कराने चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश गेवाडीन ने बताया कि नवीन जिला सक्ती में दिव्यांगजन व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता का यह पहला आयोजन है और खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को देखकर लगता है कि ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। भुरु अग्रवाल ने बताया कि आयोजन समिति की तरफ से चारों क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को अलग-अलग कलर के ड्रेस वितरण किया गया है। विजेता टीम को पहला इनाम 7000 रुपए नगद व स्मृति चिन्ह, दूसरा इनाम 6000 रुपए नगद व स्मृति चिन्ह, तीसरा इनाम 5000 रुपए नगद व स्मृति चिन्ह, चौथा इनाम 4000 रुपए नगर व स्मृति चिन्ह के साथ विजेता टीम को दिया जाएगा। गर्मी को देखते हुए जन सहयोग से उपस्थित दिव्यांग खिलाड़ियों एवं उनके साथ आए लोगों को ठंडा पेयजल, ग्लूकोस पानी, फ ल फरूट, भोजन सहित मेडिकल व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। आयोजन को सफल बनाने में भुरु अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, कोडके मौर्य, ईश्वर जायसवाल, मिथलेश साहू, चंदू जायसवाल, राजा अग्रवाल, संजय राठौर, लाला अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल का सराहनीय योगदान है।

## एक नजर

### कोयला उत्पादन का लक्ष्य बढ़ने के साथ खदानों में बढ़ी दुर्घटनाएं

**कोरबा** । देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कोल इंडिया लगातार कोयले का उत्पादन बढ़ाने में जुटा है। कोयला उत्पादन का लक्ष्य बढ़ने के साथ खदानों में दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ गई है। सबसे अधिक तेलंगाना के कोयला खदानों में दुर्घटनाएं हो रही। छत्तीसगढ़ में खदानों में भी सुरक्षा को लेकर और अधिक सतर्क होने की आवश्यकता महसूस की जा रही।

कोयला मंत्रालय ने केंद्र सरकार को जो रिपोर्ट सौंपी हैए उसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में देश की अलग अलग कोयला खदानों में 23 दुर्घटनाएं हुईं, इनमें 27 श्रमिकों की मौत हुई है। सर्वाधिक सात मौतें तेलंगाना में हुई हैं। बात छत्तीसगढ़ में संचालित साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की खदानों की करें, तो वित्तीय वर्ष 2017-18 में एसईसीएल का 1538 लाख टन का लक्ष्य रहा। इस वर्ष हुई खदान दुर्घटनाओं में सात लोगों की मौत हुई, इतने ही कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए और इतने ही लोगों को सामान्य चोटें आई। वित्तीय वर्ष 2018-19 में लक्ष्य बढ़ कर 1600 लाख टन हो गया और मौत की संख्या 14 जा पहुंची। आठ घायल हुए। वर्ष 2019-20 में 1705 लाख टन रहा। इस वर्ष आठ कर्मियों की जान गई और 10 लोगों को गंभीर रूप से घायल हुए। वर्ष 2020-21 में 1720 लाख टन लक्ष्य रहा तो दुर्घटना में 12 कर्मियों की मौत हुई और पांच घायल हुए। वर्ष 2021-22 में भी 1720 लाख टन लक्ष्य रहा और पांच कर्मियों की मौत दुर्घटना में हुई और 10 घायल हुए। बीते वर्ष 2022-23 में 1820 लाख टन ही रहा में चार लोगों की मौत हुई। मौत की संख्या कम रही पर 18 कर्मचारी घायल हुए। आंकड़ों पर नजर डालें तो जैसे. जैसे लक्ष्य बढ़ता गया, खदानों में दुर्घटनाएं बढ़ती गई। एसईसीएल की क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्य गणेश प्रसाद का कहना कि कर्मचारियों पर अधिक काम का बोझ है। आउटसोर्सिंग की कंपनियों में कार्यरत ठेका कर्मी को तकनीकी रूप से दक्ष नहीं है। शून्य दुर्घटना के लिए सुरक्षा संसाधनों में वृद्धि करनी होगी और प्रशिक्षण की गुणवत्ता भी सुधारनी होगी।

गेवरा खदान में मोबाइल पर प्रतिबंध, फस्ट एड की ट्रेनिंग एसईसीएल की सबसे बड़ी गेवरा कोयला खदान में सुरक्षा को लेकर गंभीर हुए प्रबंधन ने नियमित व ठेका कर्मियों के मोबाइल पर अप्रैल माह से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। खदान में काम के दौरान मोबाइल उपयोग करते यदि कर्मचारी मिले, तो उन पर विभागीय तौर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। इसके अलावा खदान के अंदर ही फस्ट एड प्रशिक्षण कैंप भी शुरू कर दिया गया है। यहां माइनिंग सरदार व ओवहरमैन रैंक के 30 कर्मियों का बैच बना कर उन्हें दुर्घटना में घायल हुए कर्मियों को प्राथमिक उपचार देने का प्रशिक्षण दिया जा रहा।

# अम्बेडकर जयंती एवं शोभा यात्रा में शामिल हुए डॉ.खिलावन साहू

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




भारत के सविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती एवं भव्य शोभायात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ खिलावन साहू शामिल हुए। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत खम्हिया से झरना तक शोभायात्रा पूरे ग्राम भ्रमण करने के पश्चात ग्राम खम्हिया के अंबेडकर चौक में स्थापित डॉ.अंबेडकर की प्रतिमा में डॉ.खिलावन साहू ने माल्यार्पण कर प्रणाम किया आए हुए सभी अतिथियों क्षेत्र वासियों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ.साहू ने बाबा साहब के योगदान को विस्तार से बताया तथा सूर्यवंशी समाज सतगंवा समिति लच्छनपुर परिक्षेत्र एवं समस्त ग्रामवासी खम्हिया को प्रथम बार आयोजन के लिए धन्यवाद दिया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में सुनील बरेठ जनपद सदस्य सुलोचनी देवांगन सरपंच ग्राम पंचायत खम्हिया, दिलहरण बरेठ सरपंच,ग्राम पंचायत दर्री बंजर,योगेश कुमार राठौर सरपंच ग्राम कचंदा, राम कुमार राठौर सरपंच झरना,शिमला परमा नंद रात्रे सरपंच गिधौरी पद्मिनी राजू साहू सरपंच कुरदा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूर्यवंशी समाज सतगंवा समिति लच्छनपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष जगजीवन राम ने किया। के कार्यक्रम में प्रमुख रामानुज राठौर, समाज के संयोजक परशुराम लटियार,उपाध्यक्ष वेद राम कोषाध्यक्ष भरत प्रधान,सचिव प्यारेलाल, पूर्व कोषाध्यक्ष मोतीलाल,संरक्षक श्यामलाल,राधेश्याम,पूर्व उप सरपंच कृष्ण कुमार यादव, श्यामाचरण,सुखदेव लाठियां भूषण सूर्यवंशी, शत्रुघन प्रधान, गंगाधर सूर्या, मोतीलाल, विद्या भूषण, बसंत सूर्या.नीलकंठ,भुवनेश्वर अरुण साहू, तुलेश्व 'आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे मंच संचालन सावन गुजराल, यशवंत लाठिया ने किया।

# शहर में बाल साहित्यकार शंभूलाल शर्मा की जयंती विशेष कार्यक्रम आज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



तुलसी साहित्य अकादमी के तत्वाधान में स्मृतिशेष बाल साहित्यकार शंभूलाल शर्मा श्वसंतश् के सम्पूर्ण साहित्यिक योगदान पर संवाद जयंती समारोह का आज शहर के साईं श्रद्धा होटल के सभा कक्ष में भव्य आयोजन है। जिसमें शहर के सभी साहित्यकार व बाहर से आ रहे मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.विनय कुमार पाठक, पूर्व अध्यक्ष छग. राजभाषा आयोग एवम कार्यक्रम की अध्यक्षता केवल कृष्ण पाठक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में दुर्ग के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा, बलदाऊ राम साहू,बिलासपुर से वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.विनोद कुमार वर्मा, डॉ.अरुण कुमार यदु, डॉ. देवधर महंत, डॉ. राघवेन्द्र कुमार दुबे प्रांतीय अध्यक्ष तुलसी साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ व भोपाल से वरिष्ठ साहित्यकार उमाशंकर दुबे मनमौजी की विशेष उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के आयोजक व तुलसी साहित्य के जिला अध्यक्ष आनन्द सिंघनपुरी ने बताया कि उक्त अवसर में आदरणीय वसन्त जी के स्मृति में सम्मान भी तीन साहित्यकारों को उनके सुपुत्र ओमप्रकाश शर्मा के द्वारा प्रतीक चिन्ह व शाल देकर सम्मानित किया जावेगा। यह सम्मान हिन्दी साहित्य,छत्तीसगढ़ी कविता व अनुवाद एवम सम्पादन के क्षेत्र में किए उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जाना है। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा कविता पाठ, कविता पोस्टर प्रदर्शन,पुस्तक विमोचन व अन्य कार्यक्रम सम्पन्न होगा। संस्था के प्रो.केके तिवारी,मनमोहन सिंह ठाकुर, रूक्मिणी सिंह ठाकुर, मनहरण सिंह ठाकुर, श्यामनारायण श्रीवास्तव, सनत, राधेश्याम यादव, मनोज साव, आशा मेहर, सरोज साव,गुलशन खम्हारी, लक्ष्मीनारायण लहरे,गुलशन लहरे, कन्हैया गुप्ता, रामरतन मिश्रा,पवन दिव्यांशु मिश्रा आदि ने उक्त कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की है।

बिल्डर की लापरवाही का नतीजा भुगत रहे रहवासी

# आवाजाही के रास्ते को लेकर दो कॉलोनियों में छिड़ा विवाद




**रायपुर।** बिल्डर की मनमानी का खामियाजा शहर भर के विभिन्न कॉलोनीवासियों भुगत रहे है अब सचदेव बिल्डकॉन और वालफोर्ट बिल्डर की लापरवाही का खामियाजा सालासर ग्रीन्स सोसायटी और वाल्फोर्ट गार्डन कॉलोनी के रहवासी भुगत रहे है.

सरोना इलाके में स्थित सालासर ग्रीन्स सोसायटी और वाल्फोर्ट गार्डन कॉलोनी वासियों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है क्योकि दोनों के आवाजाही के लिए एक ही सड़क है और सड़क सालासर ग्रीन्स सोसायटी से होकर गुजरती है उसके बाद वाल्फोर्ट गार्डन कॉलोनी आता है. इस विवाद के बारे में सालासर ग्रीन्स के रहवासियों ने बताया की रेरा कोर्ट ने वाल्फोर्ट गार्डन से जाने वाले मार्ग को अवैध बताया दिया है वे कई सालों से इसके लिए लड़ाई लड़ रहे थे उन्हें सफलता मिली है इसलिए वे घेरा बंदी कर रहे है.

वाल्फोर्ट गार्डन के रहवासियों की का कहना है की जिस वक़्त उन्होंने यहाँ पर प्लाट की खरीदी की थी उस समय उन्हें इसी रास्ते से आवाजाही में अड़चने आएगी इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई थी लेकिन अब ये रास्ता बंद किया जा रहा है, ऐसे में उनके और उनके परिवार के सामने अनेकों समस्याएँ खड़ी हो गई है. बिल्डर की लापरवाही का खामियाजा यहाँ के रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है, कॉलोनी में ही रहने वाली महिला प्रीति ने बताया की बिल्डर से बातचीत कर यहाँ पर प्लाट की खरीदी उन्होंने की थी,

वाल्फोर्ट बिल्डर शहर के प्रतिष्ठित बिल्डरों में से एक है, राजधानी रायपुर में अनेकों जगहों पर इनके सोसायटी बने हुए हैं.

# एलसीआईटी पब्लिक स्कूल के खिलाफ अभिभावकों की शिकायत रुकने का नाम नहीं ले रही

** एलसीआईटी पब्लिक स्कूल की टीसी न देने की शिकायत चकरभाटा थाने में हुई * शिकायतकर्ता ने टीसी देने के नाम अवैध वसूली का लगाया आरोप*

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।



**एलसीआईटी स्कूल की इसके पहले भी प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता के दौरान फीस को लेकर लगाया था आरोप**

प्रायवेट स्कूलों की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही हैं आए दिन अभिभावक शिकायत करते किसी न किसी प्रायवेट स्कूल में आपको मिल ही जायेंगे। बिलासपुर बोदरी स्थित एलसीआईटी स्कूल इस समय सुर्खिया बटोर रहा जिसकी टीसी न देने के नाम पर अभिभावक ने थाने में अवैध वसूली की शिकायत दर्ज कराई है अभिभावक ने शिकायत में कहा हैं की उनके द्वारा शेषन खत्म होने के बाद उनके द्वारा स्कूल से टी सी देने का आवेदन दिया जिसमे उनके द्वारा प्रिंसिपल एवम आफिस स्टाफ के द्वारा चालू सेशन के नाम पर 10500 रुपए की मांग की जबकि बच्चा स्कूल की क्लास गया ही नहीं गया और शेषन शुरू हुए अभी एक सप्ताह ही हुए हैं जिसका स्कूल प्रशासन पैसा मांग रहा है जबकि अभिभावक का कहना है की हमने शेषन शुरू होने के पहले ही टी सी के। लिए आवेदन दे चुके थे उसके बाद हम अवैध वसूली प्रिंसिपल एवम स्टाफ के द्वारा किया जा रहा जिसकी शिकायत हम संबधित थाने में शिकायत की हैं बच्चे की टी सी दिलाई जाए और स्कूल प्रबंधन पर कार्यवाही की जाए।

### थाना प्रभारी दिनेश चंद्रा चकरभाटा का कहना

*दिनेश चंद्रा से बात करने पर उन्होंने शिकायत की जानकारी न होने की बात कही, उन्होंने दूसरे केस में व्यस्त हूं एक दो दिन में पता कर लीजिएगा।*

# बाबा साहेब की जयंती पर निकली शोभायात्रा पर जिला भाजपा ने की फूलो की वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



भारतीय संविधान और आधुनिक भारत निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर निकली शोभायात्रा का जिला भाजपा ने गांधी प्रतिमा चौक पर आत्मीय स्वागत करते हुए फू लो की वर्षा की। इस दौरान जिला भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल के द्वारा पुष्प वर्षा करते हुएं समस्त भीम प्रेमियों का स्वागत करते हुए कहा बाबा साहेब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा दाई है। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए उन्होंने बहुत से प्रयास किए। भाजपा बाबा साहेब के बताए मार्ग का अनुसरण करती रहेगी। स्वागत के दौरान बाबा साहेब अमर रहे के नारे भी लगाए गए। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरूपाल भल्ला, जिला कार्यसमिति सदस्य मंजुल दीक्षित, प्रदेश आईटी सेल सदस्य आलोक सिंह, जिला भाजपा नेता विकास केडिया, जिला अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहन कुर्रे,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शोभा शर्मा, जिला पंचायत सदस्त गोपिका गुप्ता, जिला संवाद प्रमुख मनीष शर्मा, जिला शोशल मीडिया प्रभारी शक्ति अग्रवाल, प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा मंत्री प्रदीप श्रृंगी, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजुलता नायक, नगर मंडल अध्यक्ष डिग्री लाल साहू, मंडल महामंत्री सुमित शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष छोटू खान, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा संजय अग्रवाल, नेहा देवांगन,अनिल कटियार, मंत्री हेमकांत साहू, मीनाक्षी मेहर,दक्षिण मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष शैलेश माली,नगर युवा मोर्चा महामंत्री सतनाम सिंह, दक्षिण मोर्चा महामंत्री सुजीत लहरे,निकुंज शर्मा,सुजाता सवारियां,अंकुर गोरख,आकाश शर्मा, राजदीप सिंह, सुशील सिंह,विकास महतो,श्रीअंश ठाकरे, दीपक दिनकर सहित ढेरो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 15 लाख की लागत से निगम गार्डन का होगा कायाकल्प

मेयर जानकी काटजू ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



निगम गार्डन को रंग रोगन सहित सुसज्जित करने के लिए मेयर जानकी काटजू ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पानी निकासी सहित वॉल पेंटिंग, फ ाउंटेन लगाने और व्यवस्थित रखने के लिए 15 लाख रुपए की लागत से निगम के गार्डन को सुसज्जित करने के निर्देश दिए। मेयर जानकी काटजू ने पिछले दिनों निगम कार्यालय स्थित गार्डन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंजीनियर को बुलवाकर गार्डन से पानी निकासी सहित गार्डन के अंदर वॉल पेंटिंग करने के निर्देश दिए। गार्डन के सभी तरफ निरीक्षण करने के उपरांत मेयर काटजू ने गार्डन में फाउंटेन लगाने और ओपन जिम स्थापित करने के लिए भी निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि निगम के कार्यालय के सामने गार्डन में शहर के बहुत से लोग आते हैं।

इसलिए यह गार्डन सुसज्जित होना चाहिए। इसी तरह उन्होंने गार्डन के मुख्य द्वार पर लगे उद्घाटन तारीख एवं उद्घाटन करने वालों का नाम को भी संरक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गार्डन के अंदर चबूतरा को रंग रोधन करने के साथ पथ को भी निर्माण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कार्यालय के सामने का गार्डन सुशोभित एवं संयोजित होना चाहिए। इससे निगम के अंदर आने वाले लोगों को भी यहां बैठने उठने एवं घूमने का मौका मिलता है। इसलिए यह गार्डन शहर के निगम से संबंधित सभी आम जनता को समर्पित है। मेयर काटजू ने बजट की चिंता न करते हुए आवश्यकता पड़ने पर मेयर मद से निगम गार्डन को पूर्ण सुसज्जित करने के निर्देश दिए।

# चेतना विकास मूल्य शिक्षा का पांच दिवसीय प्रशिक्षण डाईट में हुआ सम्पन्न

## समापन में मुख्य अतिथि शामिल हुए डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

**चेतना विकास मूल्य शिक्षा पांच दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन समापन में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जशपुर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने इस प्रशिक्षण में डाईट के डी एल एड के छात्रा–यापकों ने व्याख्यान दिया।**




इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यादायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वललित किया गया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का संस्था की ओर से स्वागत किया गया। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षर्थियों को विषय के संबंध में व्याख्यान दिया उन्होंने कहा कि

जीवन का आधार श्रद्धा और विश्वास है। जीवन जानने और समझने का विषय है। उन्होंने कहा कि चेतना और मन में अंतर है इस पर विस्तार पूर्वक बताया कि किसका अस्तित्व स्थाई है और उसके सापेक्ष क्या क्या बदलता है। मन कुण्डलियों के सहारे चलती है, बुद्धि में समझ होती हैं। चेतना बहुत बड़ा शब्द है। चेतना शब्द बहुत विशाल है इस पर पीएचडी किया जा सकता है, यह सामान्य विषय नहीं है, चेतना हमेशा स्थाई एवं जागृत रूप मे रहती है हमें अपनी विभिन्न माध्यमो से जागृत रखना है। मन का स्वभाव ही चंचल है

**जीवन का आधार श्रद्धा और विश्वास,चेतना स्थाई एवं जागृत, जबकि मन का स्वभाव चंचल है- एसपी डी.रविशंकर**

जबकि चेतना सारी गतिविधियों को देखते रहती है। लेकिन हमें तुरंत ही अवगत नहीं कराती है उन्होंने बताया कि चेतना के चार भाग है और चारों भाग अपने समय पर अपना अपना–अपना काम करते हैं।

उन्होंने छात्र–छात्राओं से पूछा कि आप जीवन के बारे जानते हैं। या मानते है ईश्वर को जानते है या मानते है, जैसे प्रश्न पूछ कर चेतना को परिभाषित किया फिर उन्होंने कहा कि जीवन को जानने, जांच करने एवं समझने की आवश्यकता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के व्दारा आज बच्चों से ढेरों बातें एवं प्रशिक्षण मे विषय के संबंध में विचार साझा किये और उन्होंने उन सभी बच्चों की प्रशंसा की उनके क्षमता विकास के समझ उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण हर व्यक्ति के लिए आयोजित होना चाहिए। जिससे लोग खुशहाल हो सकें प्रशिक्षण प्रभारी आरबी चौहान ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि दुध, दही, छाछ, मक्खन,घी सब एक ही वंश के हैं। फि र भी सबकी कीमत अलग है, क्योंकि श्रेष्ठता जन्म से नहीं बल्कि अपने कर्म, कला और गुणों से प्राप्त होती है। मानव का असली मुकाबला केवल खूद से है, अगर आज आप खुद को कल से बेहतर बनाते हो तो यह आपकी बड़ी जीत है।

जीवन को मानना नही जानना है इस पर जांचना और सर्वे करना है। सोच समझकर जीवन में फैसला लेना है तभी जीवन की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि चेतना विकास जीव चेतना से मानव चेतना में संक्रमण ही चेतना विकास है। इसका विकास न्यून मूल्य से अधिक मूल्य की ओर परिणाम ही विकास है। गुणात्मक परिणाम ही विकास है। चारों अवस्था में संतुलनकारी सामंजस्य एवं समन्वयपूर्वक गुणात्मक परिवर्तन ही विकास है। स्काउट गाइड के संयुक्त सचिव सरीन राज ने कहा कि स्वयं को जानना सभी ज्ञान की शुरुआत है हमारा लक्ष्य श्रेष्ठ वार जिन्दगी की लम्बाई नहीं बल्कि गहराई मायने रखती है एक अच्छी जिन्दगी हमें जीनी है काटनी नहीं है उन्होंने कहा कि हर इंसान चाहता है कि वह बहुत अच्छी जिंदगी जिए लेकिन कभी–कभी जिन्दगी ऐसे करवट लेती है कि इंसान फिर जिन्दगी जीता नहीं बल्कि वो जिन्दगी को काटना शुरु कर देता है।

ये हिस्सा जिन्दगी का सबसे बुरा हिस्सा होता है ये हर उस इंसान को सोचने पर मजबूर कर देता है कि एक अच्छी और बेहतरीन जिन्दगी कैसे जियें । उन्होंने कहा कि जिन्दगी तो सभी जी लेते हैं पर जिन्दगी को अच्छे और बेहतरीन ढंग से कैसे जीना है ये बहुत सारे लोग समझ ही नहीं पाते। जीवन न तो भविष्य में है और न ही अतीत मे है जीवन तो केवल वर्तमान में है। जीवन में प्रयास सदैव कीजिए लक्ष्य मिले या अनुभव दोनो ही अमूल्य है। प्रशिक्षण के प्रशिक्षक के रूप में आशुतोष नीरज, उतम कुमार यादव एवं मनोजकुमार पाण्डेय ने भी अपना विचार साझा किया। छात्राध्यापकों में कु. दिव्या पाठक, गोपाल भगत,हीरालाल रितिका भगत एवं अन्य बहुत सारे छात्रा–यापकों ने अपना विचार एवं अनुभव साझा किए, कार्यक्रम में छात्रा/यापकों की रुचि एवं उत्साह देखा गया।

## एक नजर

### बुढ़ादेव टु पाईन्ट जीरो के अभुतपुर्व सफलता को लेकर सभीक्षा बैठक -ठा शैलु छत्तीसगढ़िया

जोहार छत्तीसगढ़–बिलासपुर।

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना संगठन द्वारा बीते माह भर बुढ़ादेव कांसादान रथयात्रा अभियान प्रदेशभर मे चलाया गया था जिसे अभुतपुर्व सफलता प्राप्त हुई है जिसका सभापन 8 अप्रेल को हुआ था । एक सप्ताह के विश्राम पश्चात जिले का सभीक्षा बैठक आहुत किया गया है । संगठन के अंदरुनी सूत्र के मुताबिक 8 अप्रेल को राजधानी के बुढ़ादेव तरिया मे कांसा को जो पहाड़ खड़ा हुआ था उसका गिनती और तौलाई युध्दस्तर पर जारी है लेकिन संगठन का अनुमान है कि 70 टन का लक्ष्य से कुछ टन पीछे रह रह गये है जिसे प्राप्ति के लिए संगठन ने कमर कसी हुई है जिसे लेकर आगे के रणनीति बनाई जायेगी । संगठन के बिलासपुर जिला संयोजक ठा. शैलु छत्तीसगढ़िया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके बताया कि इस महाअभियान को लेकर जिले मे भी रथ चली था जिसे सानदार प्रतिसाद मिला । जिले से भी करीब 2 टन धातु का संग्रह हुआ। एक हफ्ते विश्राम के पश्चात जिले के खुबसूरत गांव मंजुरपहरी में जिले के पदाधिकारियों का सभीक्षा बैठक और वनभोज का कार्यक्रम रखा गया है जिसमे संगठन के आगामी रुपरेखा एवं 2023 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जायेगी । 2023 के चुनाव के मद्देनजर इस हाईप्रोफाईल मीटिंग में जिले के शीर्ष पदाधिकारियों एवं सक्रिय सेनानियों का आगमन होने जा रहा है ।

### थान खम्हरिया तहसील से हटाया गया धारा 144

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

जिला बेमेतरा विकासखंड साजा के ग्राम बिरनपुर में 08 अप्रैल 2023 को दो पक्षों में विवाद होने और कानून व्यवस्था स्थिति निर्मित होने के कारण शांति सुरक्षा विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाये रखने के लिए संपूर्ण बेमेतरा जिले में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 प्रभावशील किया गया था। समसंख्यक आदेश के अनुसार साजा अनुभाग एवं बेमेतरा शहरी क्षेत्र को छोड़कर जिले के शेष स्थानों से धारा 144 हटायी गई थी। कानून व्यवस्था की समीक्षा उपरांत जिलादंडाधिकारी पदुम सिंह एल्मा ने आदेश जारी कर तहसील थान खम्हरिया क्षेत्र से धारा 144 हटा दिए है तथा तहसील साजा एवं बेमेतरा शहरी क्षेत्र में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 आगामी आदेश पर्यन्त पूर्ववत् प्रभावशील रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### पति की रिहाई के नाम पर पत्नी से 40 हजार की ऑनलाइन ठगी

**कोरबा** । चिटफंड से जुड़े मामले में महासमुंद जेल में बंद ग्राम कोथारी के एक व्यक्ति की रिहाई के लिये उसकी पत्नी से 40 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी कर लेने का आरोप हैं। रिपोर्ट पर पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। बताया गया हैं की उरगा थाना अंतर्गत ग्राम कोथारी निवासी पूर्व में चिटफंड कंपनी कार्यरत था। वह चिटफंड से जुड़े एक मामले में करीब ढाई माह पहले गिरफ्तार किया गया। तब से वह महासमुंद के जेल में बंद है। गिरफ्तारी के कुछ दिन बाद उसकी पत्नी के मोबाइल नंबर पर अलग–अलग नंबर से कॉल आने लगे।

पति की जेल से जल्द रिहाई कराने का झांसा दिया गया। इसके लिए रुपए की व्यवस्था करने को कहा गया। अलग–अलग किस्त में ऑनलाइन 40 हजार रुपए जमा कराने के बाद और रकम की मांग की गई। इस पर पत्नी को ठगी का पता चला। इस पर उसने रकम वापस मांगी। तब ठग टालमटोल करने लगे। ऐसे में उसने उरगा थाना में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### अग्निशमन दिवस पर निकाली गई दमकल रैली

**कोरबा** । अग्निशमन दिवस पर शहर में दमकल रैली निकाली गई। इस दौरान कोरबा वासियों को आग लगने के कारणों के साथ बचाव के उपायों के प्रति जागरुक किया गया। रैली में डीजी फायर समेत विभाग के आलाधिकारी मौजूद रहे।

गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती है। इस तरह की घटनाओं को लेकर लोगों को जागरुक करने के लिए अग्निशमन विभाग की ओर से रैली निकाली गईए अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि यह अभियान 14 से 20 अप्रैल तक चलेगा। सात दिवसीय अग्निशमन सेवा दिवस पर शहर के लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतिदिन अभियान चलाया जाएगा।

रैली की शुरुआत कोसाबाड़ी चौक से शुरू हुई जो शहर के विभिन्न मार्गो से होकर सीतामढ़ी पर जाकर संपन्न हुई, फायर ब्रिगेड कि सभी गाड़ियों में आग से सुरक्षा के लिए बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

# पत्नी का कातिल पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

जोहार छत्तीसगढ़–बलरामपुर।




बलरामपुर जिला अंतर्गत थाना शंकरगढ़ का मामला दर्ज मर्ग क्रमांक 08/23 कि मृतिका रामेश्वरी पति मोहन पैकरा उम्र 43 वर्ष सा. दुर्गापुर मकान नंबर 70 थाना शंकरगढ़ के मर्ग जांच उपरांत गवाहों का कथन एवं पी.एम. रिपोर्ट के आधार पर मर्ग से अपराध पाये जाने से थाना शंकरगढ़ के अपराध क्रमांक 52/2023 धारा 302, 201 भा.द.वि. का पाया गया। जिसपर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मृतक का पति आरोपी मोहन पैकरा पिता राजिन्दर पैकरा उम्र 33 वर्ष सा. दुर्गापुर से पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया। बताया कि घर पर शराब पीकर रहती थी खाना नहीं बनाई थी और बच्चों का देखरेख नहीं करती थी और बच्चा रो रहा था तब मैं गुस्से से आवेश में आकर हाथ मुक्का एवं डंडे से सिर एवं बदन में मारपीठ कर दिया जिससे वह बेहोश हो गयी। जिसे उसके घर चंपा में पहुंचा दिया और ईलाज़ के दौरान रायपुर डी.के.एस. सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में 28 फरवरी 20222 को मौत हो गयी। घटना क्रम को वरिष्ठ अधिकारीयों को अवगत कराया गया। जो कि घटना की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक बलरामपुर मोहित गर्ग से प्राप्त मौखिक आदेश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील नायक बलरामपुर व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुसमी रितेश चौधरी के मर्ग दर्शन पर नियम अनुसार कार्यवाही करने का आदेश दिया गया। जिस पर आरोपी के विरूध्द कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# डॉ बाबासाहेब जयंती पर युवा मोर्चा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।



14 अप्रेल को जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष लोकेश साहू के द्वारा बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती रक्तदान शिविर का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय अखरा भांठा सक्ती में किया की पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग एवं देश का विकास कर रही है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सब का प्रयास भाजपा का मुख्य उद्देश्य है भाजपा समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं कांग्रेश अनुसूचित जाति वर्ग को वोट बैंक समझती रही है अनुसूचित जाति वर्ग के विकास के लिए भाजपा सतत कार्य कर रही है और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के पंचतीर्थ का निर्माण भाजपा ने किया डॉक्टर अंबेडकर की जयंती को शासकीय अवकाश केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा घोषित किया गया जो पहले नहीं था भाजपा डॉक्टर अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता पखवाड़ा मना रहा है एवं सेवा के कार्य कर रही है भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक सामाजिक न्याय समरसता पखवाड़ा अंतर्गत विविध प्रकार के सेवा से जुड़े कार्यक्रम कर रहे है । जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्दा ने कहा जिसके अंतर्गत वृक्षारोपण आज़ किया गया स्वच्छता अभियान एवं भाजपा कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 30 लोगों ने रक्तदान किया एवं वार्ड क्रमांक 18 में दलित बस्तियों में गोविंद निराला के घर पर भोजन सभी सामाजिक लोगों के साथ बैठक भाजपा जिला पदाधिकारी ने किया सभी जगह समरसता भोज के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। एवं दीवार लेखन का कार्य पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं सांसद जिला अध्यक्ष ने भी किया ।

# पुलिस बोली- अवैध धंधे में लिप्त लोगों की सूचना मुखर हो, ताकि पुलिस उनसे सख्ती से निपटा जा सके

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के थाना–चौकी प्रभारियों को आमजनता की शिकायतों का मौके पर निराकरण करने एवं क्षेत्र की गतिविधियों, अवैध कार्यो की सूचना तथा अवैध नशे के कारोबार करने वालों की सूचना से अवगत होने के लिए जन चौपाल लगाने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार ग्राम देवनगर में जन चौपाल का आयोजन किया गया।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों की शिकायतों को सुना और निराकरण किया। नागरिकों को कहा कि अवैध नशे के कारोबार सहित अवैध धंधे में लिप्त लोगों की सूचना मुखर होकर पुलिस को दें ताकि उनसे सख्ती से निपटा जा सके। नशे को लेकर उपस्थित ग्रामवासियों व




जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर लोगों को नशा से बचाने को लेकर रणनीति बनाई गई।

जन चौपाल में साइबर अपराध, वर्तमान दौर में हो रहे धोखाधड़ी सहित विविध जानकारी देकर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानूनों, प्राकृतिक आपदा के मामले में राहत राशि, सहित विधिक जानकारियों से अवगत कराया, महिला सुरक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी अभिव्यक्ति ऐप के बारे में अवगत कराया। इसी क्रम में नशा न करने की समझाईश देते हुए नशे से होने वाली आर्थिक, सामाजिक एवं शारीरिक हानियों के बारे में अवगत कराया। इस दौरान एसआई संतोष सिंह, जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, देवनगर सरपंच रामनाथ, उप सरपंच, पंच, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, मितानीत, पुलिस के अधिकारी–कर्मचारी सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय अखंड नवधा रामायण हुआ सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।




ग्राम नारायणपुर में पांच दिवसीय अखंड नवधा रामायण का समापन शुक्रवार को हुआ। इसके पूर्व गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं व बालिकाओं सहित छोटे–छोटे बच्चियों ने भी कलश यात्रा में अपनी रुचि दिखाई। जहां कलश यात्रा नवधा रामायण प्रांगण से होकर ग्राम के विभिन्न गलियों का भ्रमण करके तलाब से जल भरकर नवधा रामायण प्रांगण पहुंची। इस दौरान सेवा मंडलियों के द्वारा सेवा गीत की प्रस्तुति देते हुए ग्राम के विभिन्न गलियों का भ्रमण पश्चात तलाब से जल भरकर नवधा रामायण प्रांगण पहुंची। जहां लोगों की भीड़ जल यात्रा देखने लगी रही। इस दौरान कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सुशीला जोशी भी शामिल हुए इस मौके पर सरपंच बिसाहू साहू राम साहू, जनपद सदस्य भोजराम यादव, निमेष तिवारी, राजेश्वरी विनायक, नेमा निषाद, घनश्याम वर्मा, बेला सोनी, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# तेलासीपुरी धाम में पुस्तकों का विमोचन एवं कवि सम्मेलन सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के जिला रायपुर के जनपद पंचायत पलारी अन्तर्गत गुरु अमरधाम तेलासीपुरी के प्रांगण में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल 2023 को छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के तत्वावधान में साहित्य वाचस्पति डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति की 4 पुस्तकों का विमोचन करतल ध्वनि के बीच वरिष्ठ साहित्यकारों, राजमहन्तों, सन्तजनों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इन पुस्तकों में पंखुड़ियां राष्ट्रीय साझा काव्य संग्रह, अमरबेल काव्य संग्रह, मुक्तिपथ काव्य संग्रह एवं समय की ज्यामिति काव्य संग्रह शामिल हैं।

पंखुड़ियां राष्ट्रीय साझा काव्य–संग्रह में छत्तीसगढ़ के अलावा ओड़िसा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश इत्यादि राज्यों एवं संयुक्त राज्य अमेरिका के साहित्यकार शामिल थे। इन सभी 62 साहित्यकारों को शासन द्वारा पंजीकृत राज्य स्तरीय समिति, छत्तीसगढ़ कलमकार मंच द्वारा कलमकार साहित्य साधना सम्मान–2023 प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त गतौरा कवि सम्मेलन में उपस्थित 10 साहित्यकारों को कलमकार काव्य सम्मान2023 प्रदान किए गए। सर्वप्रथम अमरधाम तेलासीपुरी के विशाल बाड़ा में गुरुगद्दी के समक्ष माथा टेककर निरन्तर प्रज्जवलित सत्यज्योति का दर्शन कर आशीष प्राप्त किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण किया गया। मंचस्थ अतिथियों एवं साहित्यकारों का सम्मान गुलदस्ता भेंट कर किया गया। इस दौरान कवि सम्मेलन भी आयोजित हुआ। इसमें रायपुर, बिलासपुर, बेमेतरा, बलौदाबाजार, जांजगीर, मुंगेली सहित प्रदेश भर से पधारे 18 जाने



माने कवियों एवं साहित्यकारों ने शिरकत की और अपनी मनभावन कविताओं से समा बांधा। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम का भरपूर आनन्द लिए।

कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के संस्थापक अध्यक्ष साहित्य वाचस्पति डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति ने कहा. सतगुरु के आशीर्वाद से तथा आप सबकी शुभकामनाओं से हमने विगत आठ माह में मंच के बैनर तले 25 पुस्तकों का विमोचन कर 9 स्थानों पर कवि सम्मेलन का आयोजन कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। इस दौरान 369 कलमकारों एवं साहित्यिक हस्तियों को सम्मानपत्र भी प्रदान किए गए हैं। ये सिलसिले निरन्तर जारी रहेंगे। आगामी मई माह में मंच का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के अलावा संरक्षक डॉ. गोवर्धन मार्शल, मीडिया प्रभारी मणिशंकर दिवाकर गदगद, कार्तिक पुराण घृतलहरे, देव मानिकपुरी, सुरजीत टण्डन,गणेश महन्त नवलपुरिहा, चतुर सिंह चंचल, देवेन्द्र कुमार मल्होत्रा, गीताराम टण्डन, लोमस मिरचे, साधुराम अनन्त, सेवक राम साहू, राजास्वामी, डॉ.संतोष बंजारे, दुखभंजन जायसवाल, धनेश बघेल, राकेश बंजारे इत्यादि साहित्यकारों ने मनभावन रचनाएं पढ़ीं। विख्यात कलमकार राकेश बंजारे तथा गीतकार साधुराम अनन्त की दीर्घकालीन साहित्य साधना एवं मनभावन प्रस्तुति के फलस्वरूप उन्हें भी पुस्तकें और साहित्य साधना सम्मान प्रदान किए गए।

उपस्थित समस्त साहित्यकारों एवं नागरिकों को डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति द्वारा रचित पुस्तकों का नि:शुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का शानदार संचालन हास्य कवि एडवोकेट मणिशंकर दिवाकर गदगद ने किया। इसके बाद प्रीतलाल कुर्रे की अगुवाई में कलाकार एसोसिएशन द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के कार्यक्रम में सभी कलमकारों ने शिरकत की। इस कार्यक्रम को सर्वप्रथम डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति और डॉ. गोवर्धन मार्शल ने सम्बोधित किया। उन्होंने युवाओं के नवजागरण पर प्रेरक पंक्तियां पढ़कर कार्यक्रम को सम्बोधित किया तथा सुन्दर शुरुआत कीं।

# लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने खोला चक्काजाम

## जून अंत तक धरमजयगढ़ से प्रेमनगर तक बनेगा सड़क

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।






सुबह से शुरू हुए चक्काजाम को लिखित आश्वासन के बाद खोल दिया गया। बता दें कि चक्काजाम होते ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ डिगेश पटेल मौके पर पहुंच गए। जहां हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों से चर्चा की जिसके बाद ठेकेदार के अधीनस्थ कर्मचारियों को मौके पर बुलाया गया। जिसमें कंपनी के एजीएम द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया। कि जून के अंत तक धरमजयगढ़ से प्रेमनगर कालोनी तक डामरीकृत सड़क का निर्माण कर दिया जाएगा। लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम खोल दिया। सप्ताह भर पहले बायसी कालोनी क्षेत्र के लोगों ने सड़क निर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपा था। जिसमें गुणवत्ताहीन एवं धीमिगति सड़क निर्माण को लेकर 15 अप्रैल को चक्काजाम करने की चेतावनी दी गई थी। जिस पर ग्रामीणों द्वारा सुबह से ही बालाजी ढाबा के 10.30 बजे से चक्काजाम शुरू किया गया। वहीं व्यवस्था बनाने के लिए थाना प्रभारी सीताराम ध्रुव पहले से ही अपनी टीम के साथ मौके पर डटे हुए थे। बता दें कि धरमजयगढ़ क्षेत्र में सड़कों को लेकर अनेकों बार चक्काजाम या आंदोलन किया जा चुका है। लेकिन अभी तक कोई संतोषजनक कार्य दिखाई नहीं दे रहा है। यहां तक कि विपक्ष में बैठी भाजपा तो आंदोलन करती है। वहीं सत्ता में बैठी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा भी आंदोलन किया जा चुका है। अब आमजनता ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर हो गए हैं।

## एक नजर

### धरमजयगढ़ क्षेत्र में 6 सहित जिले में कुल 10 मरीज मिले




जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।

रायगढ़ जिले में आज कोरोना के 10 नए मरीज मिले हैं। धरमजगढ़ क्षेत्र से 6 मरीज मरीज शामिल हैं। जिसमें ग्राम सलका कापू टोनहीनारा बंधनपुर जोबी विजय नगर से नये मरीज मिले हैं। वहीं खरसिया से 1 एवं रायगढ़ शहरी क्षेत्र से 3 मरीज मिले। कोरोना के आंकड़े तेजगति से बढ़ने लगा है।

### गरियाबंद जिले के एकलव्य आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों के लिए 27 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

गरियाबंद जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु अस्थाई रूप से मानदेय पर अध्यापन कार्य के लिए अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था हेतु पात्र लोगों से आवेदन मंगाये गए है। इस संबंध में आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि अतिथि शिक्षक के लिए फ्रेश अभ्यर्थी या सेवानिवृत्त शिक्षक ऑफलाईन के माध्यम से 27 अप्रैल 2023 तक आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए विभाग के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन या जिले के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट गरियाबंद डॉट जीओव्ही डॉट इन पर अवलोकन कर सकते हैं।

### जेएसएस कोरबा में मनाई गई डॉ.अंबेडकर की जयंती

**कोरबा** । कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान, कोरबा में अंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ बीआर अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया।

जेएसएस के निदेशक ने इस अवसर पर कहा कि 14 अप्रैल को देशभर में बाबा साहेब की जयंती मनाई जाती है। बाबा साहेब देश के एक ऐसे शख्स थे जिनकी तुलना किसी और से नहीं की जा सकती। उन्होंने भारत के संविधान निर्माण में एक पिता की भूमिका निभाई।

# पुलिस अधीक्षक डी.रविशंकर ने ली व्यापारी संघ की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीही



उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डी.रविशंकर द्वारा अपराधिक घटनाओं को रोकने एवं निगरानी बढ़ाने के लिये पत्थलगांव में व्यापारी संघ एवं अन्य गणमान्य नागारिकों की बैठक ली गई। उक्त बैठक में पत्थलगांव के व्यवसायी मदनलाल अग्रवाल, रामलाल अग्रवाल, प्रयागराज अग्रवाल, प्रवीण गर्ग, मधुसूदन अग्रवाल, रिंकु अग्रवाल, कुलविंदर सिंह भाठिया एवं अन्य प्रतिष्ठित व्यापारीगण उपस्थित थे। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा बैठक में उपस्थित व्यवसायीगणों को सीसीटीव्ही कैमरा की उपयोगिता बताते हुये समस्त व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, चौक,चैराहों, स्कूलों, पेट्रोल पंप, ढाबा, शहर के प्रवेश एवं निकास द्वारा पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीव्ही कैमरा लगाने का अनुरोध किया गया। इन जगहों में सीसीटीव्ही कैमरा लगाने से अपराधिक तत्व दूर रहते हैं। डीआईजी के द्वारा उपस्थित व्यवसायीगणों को पूर्व से मौजूद सीसीटीव्ही कैमरा की क्षमता बढ़ाने को कहा गया जो रात्रि में भी चल सके एवं अधिक क्षमता के डीवीआर हों। व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों के अलावा मिलजुलकर ऐसे स्थानों में सीसीटीव्ही कैमरा लगाने बताया गया। जिससे सड़कों पर निगरानी रखी जा सके, जिससे अपराध नियंत्रण किया जा सके। व्यापारीगणों ने डीआईजी के पहल को सराहनीय बताते हुये सभी व्यापारियों द्वारा उच्च गुणवत्ता के सीसीटीव्ही कैमरा लगाने की सहमति दी गई।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में विधायक, मुख्यमंत्री का पुतला दहन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



भारतीय जनता युवा मोर्चा धरमजयगढ़ द्वारा विधायक एवं मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। धरमजयगढ़ क्षेत्र में बदहाल सड़कों को लेकर पुतला दहन किया गया। वहीं सड़क को लेकर पहले हुए चक्काजाम में प्रशासन के समक्ष ठेकेदार द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया था। जिस पर भी ठेकेदार द्वारा कोई अमल नहीं किया। भाजपा ने उस लिखित आश्वासन को भी आग के हवाले किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक लालजीत सिंह राठिया और मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं प्रशासन के खिलाफ भी नाराजगी जाहिर की। पुतला दहन के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष गोकुल नारायण यादव ने कहा कि सड़क के साथ-साथ अन्य समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन गंभीर नहीं है। क्षेत्र की जनता कई तरह की समस्याओं से जूझ रही है। आने वाले समय में वृहद स्तर पर आंदोलन करने की तैयारी चल रही है। जिसमें विधानसभा स्तर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। यादव ने कहा कि अब तक हुए आंदोलनों को जानकारी पहले शासन-प्रशासन को दी जाती थी। लेकिन अब बिना सूचना दिए आंदोलन किया जाएगा।

# गेवरा-दीपका की तरह बंद करेंगे कुसमुंडा खदान

**कोरबा** । ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के बैनर तले एसईसीएल क्षेत्र के भू-विस्थापित किसानों की 11 सूत्रीय मांगों पर चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। रोजगार, मुआवजा, बसाहट और अन्य समस्याओं को लेकर गेवरा, दीपका के बाद तीसरे चरण में 16 अप्रैल को कुसमुंडा खदान के उत्खनन और परिवहन कार्य रोकने का ऐलान किया गया है। आंदोलन को सफल बनाने गांव-गांव में जन समर्थन जुटाया जा रहा है। संगठन ने पहले चरण के आंदोलन में विगत 25 मार्च को गेवरा खदान में सुबह 5 बजे से शाम 4 बजे तक बंदी की थी। दूसरे चरण के दौरान दीपका क्षेत्र में दिनभर उत्खनन, परिवहन और रोडसेल का कार्य प्रभावित कर आंदोलन किया था। स्थानीय स्तर पर वार्ता से इंकार कर संगठन के पदाधिकारी मामला मुख्यालय और बोर्ड स्तर का होने के कारण सीएमडी व बोर्ड मेम्बरों की मौजूदगी में ही वार्ता कराने के पक्ष में हैं। ऊर्जाधानी संगठन के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने बताया कि 11 सूत्रीय मांगों पर 5 चरणों मे आंदोलन की घोषणा की गई है। अब तक एसईसीएल मुख्यालय की ओर कोई सार्थक पहल नही हुआ हैए इसलिए आगे के आंदोलन को जारी रखा गया है। 16 अप्रैल को कुसमुंडा खदान में हजारों भू.विस्थापित अपने हक और अधिकार की मांगों पर उतरने जा रहे हैं।

# बजाज फाइनेंस के नाम पर दुर्ग के किसान को लगाया लाखों का चूना, नवादा बिहार से शातिर ठग गिरफ्तार



**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने बिहार के नवादा व झारखंड के नवादा से शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी नवादा बिहार का है जो बजाज फायनेंस के नाम पर लोन का झांसा देकर ठगी करता था। इस मामले में ग्राम माईखैरा जिला नवादा निवासी राधेश्याम कुमार को गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ ग्राम चंगोरी निवासी किसान झुम्मन लाल निषाद ने अंजोरा चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। शनिवार को एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने इस मामले का खुलासा किया है।

शिकायत में उन्होंने बताया कि किराना दुकान के लिए लोन चाहिए था। फेसबुक पर बजाज फाइनेंस का विज्ञापन देखकर कॉल किया तो सामने वाले ने अपना नाम संजीव कुमार बजाज फायनेंस का कर्मचारी होना बताया। उसने 24 घंटे में लोन पास होने का दावा किया और आधार व पैन के साथ अन्य दस्तावेज वाट्सएप के जरिए भेजने कहा। इसके बाद प्रोसेसिंग चार्ज, बीमा चार्ज, इनकम टेक्स चार्ज सहित कई तरह चार्ज बताकर बार बार पैसे जमा करवाए। इस तरह से ठग ने किसान से 8 लाख 1 हजार 465 जमा करवा लिए। इस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया गया।

पुलिस ने आरोपी के मोबाइल नंबर व ट्रांजेक्शन के लिए इस्तेमाल खातों की के दौरान पैसों के ट्रांजेक्शन के लिए उपयोग में लाये गये बैंक खातों जांच की। इससे पता चला कि आरोपी ग्राम माईखेरा थाना वारसलीगंज जिला नवादा बिहार का है। इसके बाद पुलिस की एक टीम ग्राम माईखेरा पहुंची। यहां पर पुलिस को राधेश्याम कुमार के बारे में पता चला जिसने इस ठगी को अंजाम दिया। इसके बाद लोकल पुलिस की सहायता से राधेश्याम को गिरफ्तार कर लाया गया।

# राहुल गांधी की सांसद सदस्यता रद्द करने को लेकर केंद्र सरकार पर युवा कांग्रेस का हल्ला बोल

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी डॉ पलक वर्मा प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस आकाश शर्मा के निर्देशानुसार जिला युवा कांग्रेस जशपुर द्वारा लोकतंत्र की रक्षा एवं सविधान विरोधी केंद्र सरकार के खिलाफ 14 अप्रैल 2023 दिन शुक्रवार को बगीचा ब्लॉक के अंतर्गत महादेव डाड में युवा कांग्रेस के द्वारा वॉक फॉर डेमोक्रेसी के तहत केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विशाल रैली निकाला गया।




जिसमें विधानसभा अध्यक्ष विवेकानंद दास महंत ने कहा की जिस सडयंत्र के साथ हमारे नेता राहुल गाँधी जी की सांसद सदस्यता रद्द की यह केंद्र सरकार और न्यालय व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।

महंत ने कहा की केंद्र सरकार के यह रौइया देश के एक राहुल गांधी के सदस्यता तो खत्म कर सकती है पर सच्चाई और युवाओं के आवाज को दबा नही सकती इस लड़ाई में हजारों लाखों राहुल बनकर यूवा नेता संसद मे आवाज़ रखने के लिए तैयार है और सत्य के लड़ाई लड़ेंगे। हम पुरे देश के युवा नेता सडक पर उतर के राहुल गाँधी के आवाज को बुलंद कर उनके नक्शे कदम पर चलकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे साथ चुनाव आने दीजिये जनता के साथ मिलकर इसका जवाब देने को हैं।

# ग्राम पंचायतों में बैठे जिम्मेदार सरपंच-सचिव व ठेकेदार द्वारा घटिया सड़क का किया जा रहा निर्माण

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

*विकास खण्ड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत मगाजी पारा जलबोथा में पीसीसी रोड का निर्माण कार्य निहायती घटिया स्तर का सड़क निर्माण कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है, सरपंच पति मंगल नागेसिया से इस संबंध में पूछने पर उन्होंने यह कह कर टाल दिया कि ग्राम पंचायत में विकास कार्य हो रहा है, किसी मद का नाम नही बताया गया।*







ग्रमीणों से इस कार्य के बारे में पूछ-ताछ किया गया जिसका ग्रमीणों विरोध करते हुए, आकोश जाहिर भी किया है। घटीया काम को ग्रामीणों के द्वारा बन्द करवाने की कोशिस किया गया फिर भी ठेकेदार की दबंगई के कारण घटिया कार्य चालू रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत के सचिव के द्वारा बताया गया कि यह काम 300 मीटर का पीसी सड़क का है, जो कि 12 लाख रुपये का यह काम है।

*मिडीया के साथी द्वारा, सुचना कर एसडीओ - शत्रु धन उरांव को बताया गया, तत्काल मौके पर पूछ कर चल रहे घटिया पीसीसी निर्माण कार्य को गलत बताते हुए, फिर से तोड़ कर बनाने की बात कही गयी। फिर भी कार्य चालू रहा आप देख सकते है, ठेकेदार की किस तरह से मनमानी दिखाते हुए काम को घटिया किया जा रहा है।*

पंचायत एजेंसी का काम होते हुए भी बाहर के ठेकेदार के द्वारा कराया जा रहा है, निर्माणकर्ता ठेकेदार उमाकांत यादव सांसद प्रतिनिधि से पूछा गया तो उन्होंने कहा की पंचायत एजेंसी से पूछिये मेरा यहाँ कोई हाथ नही है, जबकि अजाक्स, मशीन, सीमेंट, गिट्टी, बालू, ट्रैक्टर, सब उन्ही के द्वारा मुहैया कराया गया है, कार्य की बात करे अगर तो सभी सीसी रोड फिटनेस 8 इंच का रहता, यह सड़क कही 2 कही 4 इंच का इसी तरह ठेकेदार मनमानी तरीके से सड़क का घटिया निर्माण कर खाना पूर्ति कर रहा है, वही विभाग के उपयंत्री घर बैठे कार्य का मूल्यांकन करते हुए मोटी रकम की कमाई करते हुए अपना जेब गरम कर रहे है, जिसकी सुध लेने की फुर्सत विभागीय के ज़िमेदार को भी नही है। भ्रष्टाचार में अपना खुलकर सहमति देते हुए, शासकीय पैसा का बंदरबांट कर रहे है।

अब देखने वाली बात यह है, की क्या खबर प्रकाशन के बाद जिला प्रशासन इस भ्र्ष्टाचार की भेंट चढ़ाये जा रहे, सड़क से संबंधित अधिकारियों पर कोई कार्यवाही करते भी है की नही।

## क्या कहते एसडीओ

छुट्टी होने के कारण काम की पूरी जानकारी मेरे संज्ञान में नही है, कार्य घटिया किया जा रहा है, ये तो मेरे संज्ञान है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in